डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-5



PG-8

सिनेमाः-अक्षय कुमार पर फूटा थिएटर मालिक का गुस्सा

वर्ष -09 अंक -19 | प्रयागराज ,मंगलवार, 21, मार्च, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### शहजादा नवाब बनना चाहता है, आज के मीर जाफर को माफी मांगनी ही पड़ेगी' राहुल गांधी पर भड़की बीजेपी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** लंदन में भारत के लोकतंत्र पर अपनी टिप्पणी को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी घिरे हुए हैं। संसद



के अंदर और बाहर बीजेपी नेता राहुल गांधी पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। बीजेपी लगातार राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है। उधर, बीजेपी ने अब राहुल गांधी की तुलना मीर जाफर से की है बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने मंगलवार सुबह एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। संबित ने कहा, ठशहजादा नवाब बनना चाहता है और नवाब बनने के लिए शहजादे ने ईस्ट इंडिया कंपनी से मदद मांगी है। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी बिना माफी मांगे निकल जाएंगे। माफी तो उन्हें मांगनी ही पड़ेगी, हम मंगवा कर रहेंग मीर जाफर से तुलना संबित ने आगे कहा कि राहुल को राफेल केस में भी माफी मांगनी पड़ी थी और आज उन्हें संसद के पटल पर भी माफी मांगनी पड़ेगी। मीर जाफर ने जो किया था नवाब बनने के लिए और जो राहुल गांधी ने लंदन में किया है... वो ठीक वही है। शहजादा नवाब बनना चाहता है। आज के मीर जाफर को माफी मांगनी ही पड़ेगी। शहजादे... ये नहीं चलेगा। भारत को बदनाम किया जा रहा भाजपा नेता ने ये भी कहा कि यह कांग्रेस और राहुल गांधी की लगातार साजिश है।

### संसद में आज भी घमासान के आसार, लंदन में दिए बयान पर सफाई देंगे राहुल गांधी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हो रहा है।



बीजेपी लंदन में भारतीय लोकतंत्र को लेकर दिए बयान पर राहुल गांधी से माफी की मांग कर रही है। वहीं, विपक्ष अदाणी मुद्दे की जांच के लिए जेपीसी पर अड़ा हुआ है। इस वजह से बजट सत्र में छठे दिन भी संसद के दोनों सदनों में कामकाज ठप रहा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि राहुल लोकसभा में अपनी बात रख सकें, इसके लिए मंगलवार का समय मांगा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार असली मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है और जानबूझकर संसद नहीं चलने दे रही है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने अदाणी मुद्दे पर जेपीसी जांच के लिए चर्चा की मांग की है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया। उन्होंने संसद सदस्यों को दी गई अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सार पर चर्चा की मांग की है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने अदाणी ग्रुप पर चर्चा के लिए नोटिस दिया है।

## विमान में हिंसा को लेकर इस साल 10 यात्रियों को रखा गया 'नो फ्लाई लिस्ट' में, सरकार ने दी जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** विमान में लगातार बढ़ती हिंसा के मामलों को देखते हुए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है।



जानकारी के मुताबिक, एविएशन मिनिस्ट्री ने इस साल के 15 मार्च तक कुल 10 यात्रियों को 'नो फ्लाई लिस्ट' में रखा है। राज्यसभा में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वी के सिंह ने कहा कि साल 2021 और 2022 के दौरान 66 और 63 यात्रियों को 'नो फ्लाई लिस्ट' में रखा गया है। मंत्री की ओर से यह जवाब देश में विमान में लगातार बढ़ रही हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी और मर्यादा के उल्लंघन को लेकर लिखित में दिया गया है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा, 'सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट की धारा-3 के अनुसार गठित एयरलाइन की आंतरिक समिति की ओर से अनुशंसित अवधि के लिए वर्ष 2022 और 2021 के दौरान 66 और 63 यात्रियों को 'नो फ्लाई लिस्ट ठपर रखा गया है।15 मार्च तक 10 यात्रियों को 'नो फ्लाई लिस्ट' में रखा नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री ने राज्यसभा में कहा कि साल 2023 में 15 मार्च तक 10 यात्रियों को 'नो फ्लाई लिस्ट' में रखा गया है। उन्होंने कहा, 'नो फ्लाई लिस्ट' में रखे गए अधिकांश यात्री मास्क नहीं पहनने और चालक दल के सदस्यों के निर्देशों का पालन नहीं करने से संबंधित उल्लंघन के लिए थे।' उड़ान के दौरान गंदे व्यवहार से निपटने के लिए विमानन नियामक डीजीसीए ने एक सीएआर जारी किया है जिसका विषय 'उग्र/बाधाकारी यात्रियों को संभालना' है। सीएआर के अनुसार, एयरलाइंस को यात्रियों को एयरलाइन द्वारा 'नो फ्लाई लिस्ट' में रखे जाने से पहले जवाबदेह ठहराने के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। बता दें कि एयरलाइंस द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (उउर्णे) द्वारा 'नो फ्लाई लिस्ट' का रखरखाव किया जाता है। उल्लेखनीय है कि 26 नवंबर 2022 को न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रही फ्लाइट में नशे में धुत एक शख्स ने बिजनेस क्लास में यात्रा कर रही एक महिला पर पेशाब कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने 7 जनवरी को बेंगलुरु से आरोपी को गिरफ्तार किया था।

## भारत का खालिस्तानी समर्थकों के खिलाफ कड़ा एक्शन कनाडा के सांसद समेत कई लोगों के ट्विटर अकाउंट बैन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत में कई खालिस्तान समर्थकों के ट्विटर अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया गया है। इनमें कनाडा में सांसद व न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता





जगमीत सिंह का ट्विटर अकाउंट भी शामिल हैं। साथ ही कनाडाई कवयित्री रूपी कौर, स्वयंसेवी संगठन यूनाइटेड सिख और कनाडा निवासी कार्यकर्ता गुरदीप सिंह सहोटा का ट्विटर अकाउंट भी ब्लॉक कर दिया गया है भारत से अगर कोई इन ट्विटर अकाउंट्स को एक्सेस करने की कोशिश करता है तो यह प्रदर्शित होता है कि उन्हें कानून सम्मत मांग के तहत ब्लॉक कर दिया गया है। जगमीत सिंह के अकाउंट को ब्लॉक किया जाना उल्लेखनीय है क्योंकि वह अपनी भारत विरोधी टिप्पणियों के लिए जाने जाते हैं। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब विभिन्न देशों में इन खालिस्तान समर्थकों द्वारा हमले बढ़ गए हैं मालूम हो कि खालिस्तान समर्थकों ने रविवार को लंदन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ की थी। इसके बाद खालिस्तान समर्थकों ने कथित रूप से सैन फ्रान्सिसको में भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला बोला था। बता दें कि खालिस्तान समर्थकों द्वारा लंदन में भारतीय उच्चायोग में तोड़फोड़ करने और इमारत से भारतीय ध्वज को हटाने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।इससे पहले भारत ने सोमवार को अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में भारत के महावाणिज्य दूतावास पर हमले पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। अमेरिकी प्रभारी को तलब करते हुए संपत्ति की तोड़फोड़ पर कड़ा विरोध व्यक्त किया था। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा अमेरिकी सरकार को राजनयिक प्रतिनिधित्व की रक्षा और सुरक्षा करने के अपने मूल दायित्व की याद दिलाई गई थी।

## मनी लांड्रिंग के आरोपों में फंसे हर्ष मंदर पर अब कसेगा सीबीआई का शिकंजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पहले से मनी लांड्रिंग की जांच का सामना कर रहे पूर्व आइएएस अधिकारी हर्ष मंदर पर अब सीबीआइ का शिकंजा कसने वाला है। बिना एफसीआरए





लाइसेंस के एनजीओ में विदेशी सहायता प्राप्त करने के मामले में गृहमंत्री अमित शाह ने सीबीआइ जांच कराने का निर्देश दिया है। जल्द ही सीबीआइ इस मामले में एफआइआर दर्ज कर जांच शुरू कर सकती है। हर्ष मंदर यूपीए सरकार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को नीतिगत मामलों में सलाह देने वाली नेशनल एडवाइजारी कौंसिल के साथ ही योजना आयोग के भी सदस्य थे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार हर्ष मंदर के एनजीओ अमन बिरादरी ट्रस्ट के पास एफसीआरए का लाइसेंस नहीं है। इसके बावजूद इस एनजीओ में आक्सफोम और एक्शन एड जैसी कुछ विदेशी एनजीओ से तीन करोड़ रुपये से अधिक की विदेशी सहायता मिली। नियम के मुताबिक देश में किसी भी एनजीओ के लिए विदेशी सहायता प्राप्त करने के लिए एफसीआरए लाइसेंस लेना अनिवार्य है। बिना एफसीआरए लाइसेंस के विदेशी सहायता हासिल करने को गंभीर मामला मानते हुए गृह मंत्रालय ने सीबीआइ को जांच के लिए भेज दिया है। ध्यान देने की बात है कि दो एनजीओ में गड़बड़ियों के मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की शिकायत पर दिल्ली पुलिस हर्ष मंदर के खिलाफ पहले से जांच कर रही है। इसके साथ ही मनी लांड्रिंग के आरोपों की जांच के सिलसिले में 2020 में ईडी ने हर्ष मंदर से जुड़े ठिकानों पर छापा भी मारा था।

## अब देश में सालाना 17 लाख टन से अधिक का हो सकेगा री-साइकल 1 अप्रैल से प्रभावी होने हैं नए नियम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** देश में ई-वेस्ट के नए नियम एक अप्रैल से प्रभावी होंगे।



इससे पहले देश भर में इसके बेहतर प्रबंधन की तैयारियां तेज हो गई है। ई-वेस्ट की री-साइक्लरों की संख्या और उनकी क्षमता में काफी बढ़ोत्तरी की गई है। इसके साथ ही री-साइक्लिंग के पूरे सिस्टम को एक ऐसे आनलाइन पोर्टल से जोड़ा जा रहा है, जहां री-साइक्लर का पूरा ब्यौरा मौजूद रहेगा। उनके काम-काज की ऑनलाइन निगरानी रहेगी। इन नए नियमों के तहत ई-कचरे के संग्रहण और री-साइक्लिंग की जिम्मेदारी री-साइक्लर की होगी हालांकि, वह हर साल जितनी क्षमता का ई-कचरा री-साइक्ल करेंगे वह उसे ब्रांड उत्पादकों को बेंच सकेंगे। नए नियमों में ब्रांड उत्पादक ही जवाबदेह होगा। वह हर साल जितना ई- वेस्ट पैदा करेंगे, उसके आधार पर ही उन्हें री-साइक्लरों से उतनी क्षमता या फिर निर्धारित मात्रा के बराबर का ई-वेस्ट री-साइकल सर्टिफिकेट खरीदना होगा। जो वह देश के किसी भी री- साइक्लर से खरीदने के लिए स्वतंत्र होंगे। यदि वह ऐसा नहीं करते है, तो उनके उत्पादन पर रोक लगाई जा सकती है। साथ ही उनके खिलाफ भारी जुर्माना सहित आपराधिक कार्रवाई भी सकती है जिसमें उन्हें जेल भी जाना पड़ सकता है। मंत्रालय के मुताबिक अब तक देश भर में 567 से ज्यादा री- साइक्लरों ने आनलाइन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। इनकी क्षमता भी सालाना 17 लाख टन से ज्यादा की है। इससे पहले देश में करीब चार सौ ही री-साइक्लर थे। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक नए नियमों में ब्रांड उत्पादकों को बेवजह के झंझट से मुक्त कर दिया गया है, साथ बेतरतीब तरीके से बिखरे री-साइक्लिंग क्षेत्र को एक नए उद्योग के रूप में मान्यता दी गई है। जहां उसे ई-वेस्ट के री-साइकल की पूरी कीमत मिलेगी। यह बात अलग है कि इसके चलते इलेक्ट्रानिक्स या इलेक्ट्रिक वस्तुओं की कीमतों में कुछ बढ़ोत्तरी देखने को मिल सकती है। हालांकि इससे जो बड़ी राहत मिलेगी वह ई-वेस्ट की विस्फोटक स्थिति से निजात मिलेगा।

### केरल को मिली अपनी पहली ट्रांसजेंडर वकील, पद्मा लक्ष्मी ने कायम की मिसाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** प्रतिभा उम्र या जेंडर की मोहताज नहीं होती है। पढ़ा-लिखा काबिल व्यक्ति समाज में सदैव वर्चस्व अर्जित करता है। प्रतिभावान इंसान पर किसी भी हालात का कोई भी असर नहीं पड़ता। उसे सिर्फ अवसर अंर्तगत सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। ऐसे ही एक सफल और प्रतिभा के धनी व्यक्ति ने आज हर किसी को चुप करा दिया है, जो लोगों का किसी पैमाने पर आकलन करते हैं। केरल की एक ट्रांसजेंडर महिला पद्मा लक्ष्मी ने एक नई मिशाल कायम किया। जब उन्होंने राज्य की बार काउंसिल के साथ एक वकील के रूप में नामांकन कराया। इसी के साथ केरल को अपना पहला ट्रांसजेंडर वकील मिल गया।

## ज्योतिरादित्य सिंधिया बोले- भारत में उड्डयन उद्योग हो रहा विकसित, एक नये युग की तरफ बढ़ रहा एविएशन सेक्टर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि जिस तरह से भारत में उड्डयन उद्योग विकसित हो रहा है उसे



देखते हुए अब यहां विमानों की और उड्डयन उद्योग से जुड़े दूसरे उपकरणों के निर्माण पर ध्यान देने की जरूरत है। भारत का बाजार इसके लिए तैयार है।सिंधिया ने कहा कि भारत का एविएशन सेक्टर एक नये युग की तरफ बढ़ रहा है। वर्ष 2013-14 में देश में सिर्फ 1.4 करोड़ विमान यात्री सालाना थे जिनकी संख्या बढ़ कर अब 14.4 करोड़ हो गई है। इसके बावजूद भारत की तीन-चार फीसद आबादी तक ही विमान सेवाओं की पहुंच हुई है। यह बताता है कि इस उद्योग के समक्ष कितना बड़ा बाजार है सिंधिया एविएशन सेक्टर की प्रमुख सलाहकार व अनुसंधान एजेंसी कैपा की तरफ से आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अभी रोजाना 4.20 से 4.40 लाख लोग विमानों से यात्रा करते हैं लेकिन अक्टूबर तक यह संख्या 4.56 लाख को पार कर जाएगी। भारत में एक दिन में सर्वाधिक यात्रा का रिकार्ड 4.56 लाख ही है। 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर की इकोनोमी बनने जा रहाः सिंधिया वर्ष 2027 तक भारत के छह सबसे बड़े एयरपोर्ट पर 42 करोड़ यात्रियों का आना-जाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक 20 ट्रिलियन डॉलर की इकोनोमी बनने जा रहा है और इस हिसाब से ही हमें अपने ढांचागत सुविधाओं को विकसित करना होगा।सिंधिया ने भारत के एविएशन सेक्टर की यह गुलाबी तस्वीर तो खींची लेकिन इसी सेमिनार में कैपा ने जो रिपोर्ट पेश की है उसमें कहा गया है कि भारत में काम करने वाली एविएशन कंपनियों को अगले वित्त वर्ष के दौरान संयुक्त तौर पर 1.6 अरब डॉलर तक का घाटा हो सकता है। हालांकि इससे इन कंपनियों की विस्तार योजना पर कोई असर नहीं होगा। वर्ष 2023-24 में भारतीय कंपनियां 132 नए विमान खरीदने जा रही हैं।

## मीडिया और सरकारी एजेंसी नागरिकों के जीवन में नहीं कर सकतीं ताकझांकः केरल हाई कोर्ट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**कोच्चि।** केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी भी व्यक्ति को चाहे वह मीडिया हो या फिर सरकारी





एजेंसी, उसे बिना किसी वैध कारण के नागरिकों के निजी जीवन में झांकने का अधिकार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि कुछ मीडिया हस्तियों का सत्य और न्याय के लिए तथाकथित धर्मयुद्ध या व्यक्तिगत प्रतिशोध आम जनता की निजता के अधिकार को बाधित करने का बहाना नहीं हो सकता। यही नहीं, समाचारों से अधिक घटिया सामग्री का प्रसारण कुछ समाचार चैनलों की आदत बन गई है। न्यायमूर्ति वीजी अरुण ने यह कड़ी टिप्पणी दो मीडियाकर्मियों द्वारा उनके खिलाफ आइपीसी, आइटी एक्ट, एससी/एसटी एक्ट के तहत दायर विभिन्न अपराधों के मामले में अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए की। कोर्ट ने कहा कि जनता का एक वर्ग भी इस तरह की सनसनीखेज और चटपटी खबरों को पचा जाता है। कोर्ट ने कहा कि उन चैनलों को भी आत्मनिरीक्षण करना चाहिए और सोचना चाहिए कि कुछ लोगों की कारगुजारी से क्या लोकतंत्र के चौथे स्तंभ में विश्वास कम नहीं हो रहा है दोनों पत्रकारों पर अपने आनलाइन चैनल पर एक महिला के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी वाले समाचार प्रसारित करने का आरोप है। उसने अपने नियोक्ता जोकि मीडियाकर्मी है, के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि उसने राज्य की एक महिला मंत्री का एक मा?र्फ्ड वीडियो बनाने के लिए उसे उसकी नग्नता की वीडियोग्राफी करने के लिए मजबूर किया था। नियोक्ता की गिरफ्तारी के बाद उसके चैनल पर महिला के खिलाफ अपमानजनक समाचार चलाए गए थे। सत्र न्यायालय द्वारा अग्रिम जमानत याचिका खारिज किए जाने के बाद अभियुक्तों ने हाई कोर्ट का रुख किया था। आरोपितों का कहना था कि उनके समाचार शिकायतकर्ता द्वारा नियोक्ता पर लगाए गए झूठे आरोप के विरोध की अभिव्यक्ति थे।

## सैन्य और आर्थिक सहयोग को और प्रगाढ़ करेंग भारत-जापान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पीएम नरेन्द्र मोदी और जापानी पीएम फुमियो किशिदा की



अध्यक्षता में हुई भारत-जापान शिखर वार्ता में दोनो देश अपने सैन्य व आर्थिक सहयोग को और प्रगाढ़ करने को सहमत हुए हैं। एक वर्ष के भीतर भारत के दूसरे दौरे पर किशिदा तब आये हैं जब वैश्विक भूराजनीतिक माहौल में बहुत ही तेजी से बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में मोदी और किशिदा ने भारत व जापान को ना सिर्फ एक दूसरे का सहयोगी करार दिया है बल्कि सैन्य व आर्थिक क्षेत्र के साथ ही ऊर्जा व डिजिटल क्षेत्र में भी बहुआयामी सहयोग को लेकर प्रतिबद्धता दिखाई है। दोनो देशों के बीच अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए चौथी किस्त की अदाएगी करने का समझौता भी हुआ है।किशिदा व मोदी भारत व जापान के रिश्तों को कितना महत्व दे रहे हैं इसे इस बात से समझा जा सकता है कि सोमवार को इनकी मुलाकात पिछले एक वर्ष की चौथी मुलाकात है। मई, 2022 में दोनो की मुलाकात फिर से जापान में जी-7 बैठक के दौरान होगी। इसके लिए पीएम किशिदा ने मोदी को आमंत्रित किया, जिसे उन्होंने स्वीकार भी कर लिया है। इसके बाद सितंबर, 2023 में किशिदा एक बार फिर भारत जी-20 बैठक में हिस्सा लेने के लिए आएंगे। यही वजह है कि मोदी ने जापान को भारत का एशिया में सबसे प्राकृतिक साझेदार बताया है जबकि किशिदा ने कहा है कि एशिया व प्रशांत क्षेत्र में शांति के लिए इन दोनो देशों के रिश्ते बहुत ही अहम है। किशिदा से मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी हमारे साझा लोकतांत्रिक मूल्यों व अंतरराष्ट्रीय पटल पर कानून का राज स्थापित करने पर आधारित है। हमारे बीच रक्षा उपकरणों, स्वास्थ्य, व्यापार, तकनीक के साथ ही सेमीकंडक्टर व दूसरे संवेदनशील तकनीक में भरोसेमंद सप्लाई चेन स्थापित करने पर सार्थक बातचीत हुई है। दोनो नेताओं ने वर्ष 2022 में जापानी कंपनियों की तरफ से भारत में 3.20 लाख करोड़ रुपये के निवेश जुटाने का लक्ष्य रखा था। मोदी और किशिदा ने इस बात की समीक्षा की और पीएम मोदी ने अभी तक की प्रगित पर संतोष जताया है। पीएम मोदी की तरफ से जापान के साथ रक्षा सहयोग को आगे बढ़ाने पर खास जोर दिया गया है।

# प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड के तार नेपाल से भी जुड़ रहे हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सिद्धार्थनगर।** हत्याकांड में शामिल अपराधियों की धरपकड़ में लगी यूपी एसटीएफ की टीम ने सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले के चंद्ररौटा से एक कारोबारी को हिरासत में लिया है। वह अतीक अहमद का करीबी और कई बदमाशों का शरणदाता बताया जा रहा है।सूत्र यह भी बता रहे हैं कि उसे सिद्धार्थनगर जिले के एक सीमावर्ती थाने में पूछताछ के लिए रोका गया था, लेकिन मामला लीक होने के डर से उसे गोरखपुर ले जाया गया। वहां पूछताछ में उसने हत्याकांड में शामिल कुछ लोगों को नेपाल में पहुंचाने की बात भी स्वीकार की है। हालांकि यह अधिकारिक पुष्टि नहीं है। अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से कतरा रहे हैं।पुलिस विभाग के एक सीनियर अफसर के अनुसार कयूम अंसारी अपराधियों का शरणदाता रहा है। यहां से अपराध करके जाने वालों को वह शरण देता रहा है। उसके अतीक अहमद से पुराने संबंध रहे हैं। लगभग 10 वर्ष पहले मुंबई में हुई किसी घटना में भी उसका नाम आया था। तब मुंबई पुलिस ने यूपी एसटीएफ की मदद से उसे उठाया था। लेकिन कोई ठोस क्लू न होने के कारण उसे छोड़ना पड़ा था।पूर्वांचल में कई बड़े अपराधी पैदा हुए। उनमें कुछ मारे गए तो कुछ अब भी जीवित हैं। जानकारों के मुताबिक, यहां अपराध करने वालों पर जब पुलिस का शिकंजा कसता था तो वे नेपाल में शरण लेते थे। कयूम अंसारी भी अपराधियों का शरणदाता रहा है।बताया जा रहा है कि उमेश पाल हत्याकांड में कयूम के पकड़े जाने के बाद कई खुलासे हो रहे हैं। उसने पूछताछ में स्वीकार किया है कि उसने कुछ शूटरों को सिद्धार्थनगर के रास्ते नेपाल में प्रवेश कराया है। हालांकि इसका कोई ठोस सुबूत नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो यह सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी चूक कही जाएगी। इस हाईप्रोफाइल हत्याकांड के बाद हत्यारों को पकड़ने के लिए एसटीएफ और प्रयागराज पुलिस दिन-रात एक किए है। सभी अलर्ट मोड में हैं। सोशल मीडिया पर अपराधियों की फोटो और वीडियो शेयर हो रहे थे। इसके बावजूद सिद्धार्थनगर जिले से नेपाल में प्रवेश हो गया और पुलिस उनको पहचान तक नहीं सकी।

# दुकान से निकलकर उमेश पाल पर गोली चलाने वाले मो. गुलाम का घर ध्वस्त, अतीक का है शूटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे 5 लाख के इनामी मोहम्मद गुलाम के घर और दुकान पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कार्रवाई की है। भारी संख्या में पुलिस फोर्स की मौजूदगी में अतीक गैंग के शार्प शूटर मोहम्मद गुलाम के तेलियरगंज स्थित रसूलाबाद इलाके के घर को ध्वस्त कर दिया गया। मोहल्ले की गली में बने गुलाम के मकान के सामने के हिस्से में दुकानें और पीछे घर था। यह दिलाने उसी की कही जा रही हैं। प्राधिकरण ने घर और दुकान को तोड़ने से पहले उन्हें खाली कराया। घरवालों को पहले ही ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी कर दिया गया था। मोहम्मद गुलाम बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के निवर्तमान महानगर जिला अध्यक्ष राहिल हसन का भाई है। मोहम्मद गुलाम का नाम उमेश पाल शूटआउट केस में आने के बाद बीजेपी ने अल्पसंख्यक मोर्चा को भंग कर दिया था। शूटआउट के बाद पुलिस ने मोहम्मद गुलाम के भाई राहिल हसन को भी हिरासत में लिया था। लेकिन मोहम्मद गुलाम के बारे में कुछ पता नहीं चला।




# यमुनानगर में बेमौसम बारिश संग पड़े ओले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**क्षेत्र में रविवार की देर शाम अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया।गरज-चमक के साथ शुरू हुई बेमौसम बारिश की बून्दें अभी तेज हुई ही थीं कि ओले भी के बारा, लोहगरा, सेहुंडा, बवंधर, पिपरांव, चामू,जारी सहित विभिन्न गाँवों में तीन चक्र में ओले पड़े।जिससे आम,महुआ,के बौर झड़ गए, साथ ही किसानों की गाढ़ी कमाई व मेहनत एवं लागत से तैयार



पड़ने लगे।जिसे देखकर किसानों के चेहरे मुरझा गए।खेतों में पकी सरसों, अलसी,ज्वार, मटर और गेहूँ की फसलों के लिए यह पानी जहर से कम नहीं है।अचानक से बदले मौसम के मिजाज ने इस कदर कहर ढाया कि किसानों की खाड़ी फसल,ओले,आंधी, और बरसात की भेंट चढ़ने की कगार पर पहुंच गई है।अगर यह मौसम अधिक समय तक खराब बना रहा, तो किसानों की रीढ़ ही टूट जाएगी।क्षेत्र फसल नष्ट हो गई।अरहर,गेहूं, तिलहन, चना,सरसों की खेती कटाई, मड़ाई से पहले ही आपदा की भेंट चढ़ गई।ओले इतने बड़े बड़े गिरे कि पेडों के पत्ते भी टूटकर नीचे गिरने लगे थे।तेज बारिश व तूफान से बिजली व्यवस्था फिर से बाधित हुई है।किसानों का कहना है कि जब किसान अपने खून-पसीने की कमाई खेत से समेटने की तैयारी कर रहा था कि बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों पर कहर ढा दिया।

# रेलवे रिक्रूटमेंट सेल में 4 मुन्नाभाई गिरफ्तार, दूसरे के स्थान पर परीक्षा देकर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करने आए थे



**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**रेलवे रिक्रूटमेंट ग्रुप-सी लेवल परीक्षा से संबंधित कागजात जांचने के दौरान मूल अभ्यर्थी व प्रॉक्सी कन्डीडेट समेत 4 लोग गिरफ्तार किए गए। साथ में कूटरचित प्रपत्र और एक कार भी बरामद किया गया। दरअसल बाल्मीकि चैराहा, सिविल लाइन स्थित रेलवे रिक्रूटमेंट सेल में सोमवार को ग्रुप-सी लेवल-एक परीक्षा के डॉक्यूमेन्ट्स वेरीफिकेशन की प्रक्रिया चल रही थी। इसी बीच एसटीएफ को सूचना मिली की डॉक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन में अभ्यर्थी अतुल कुमार की जगह दूसरा व्यक्ति दीपेन्द्र कुमार सिंह परीक्षा देकर डॉक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन कराने आया है। उक्त प्राप्त सूचना के आधार पर टीम द्वारा मौके पर पहुॅचकर मुख्य कार्यालय अधीक्षक राजकुमार व उनके सहयोगी के साथ चेकिंग कर स्थानीय पुलिस को सूचित किया गया तथा मौके से 4 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। इनके कब्जे से कूटरचित दस्तावेज व आई-20 कार बरामद की गयी। जिनसे गहन पूॅछताछ व अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। पकड़े गए लोगों में अतुल सिंह और दीपेन्द्र कुमार सिंह के अलावा परीक्षा दिलवाने से लेकर डॉक्यूमेन्ट वेरीफिकेशन कराने तक गैंग में शामिल पंकज कुमार और बाल किशन उर्फ आकाश शर्मा उर्फ रिंकू फरारी पकड़े गए। उपरोक्त दोनों नकल माफिया गैंग के सक्रिय सदस्य हैं।

# हड़ताल समाप्त होने के बाद भी बिजली संकट से निजात नहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** बिजलीकर्मियों की 72 घंटे की हड़ताल समाप्ति के बाद भी शहरवासियों को बिजली संकट से छुटकारा नहीं मिला। आधे शहर में रविवार शाम बिजली आपूर्ति बहाल हुई तो आंधी-बारिश ने पटरी पर लौटती जिंदगी में बाधा डाल दी। आंधी में तार टूटने से खतरे के मद्देनजर पूरे शहर की बिजली सप्लाई रोक दी गई। बिजली कटने पर शहर के लगभग सभी नलकूप बंद होने से जलापूर्ति लड़खड़ा गई। रात आठ बजे के बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद रातभर लाइनों की ट्रिपिंग जारी रही। शाम को शहर की बिजली सप्लाई शुरू हो गई लेकिन मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर में देर रात तक अंधेरा रहा। झूंसी के हेतापट्टी और अंदावा में भी देर रात तक बिजली आपूर्ति शुरू हो पाई। अलोपीबाग में ढिंगवस कोठी के पास एक ट्रांसफॉर्मर खराब होने से लगभग 300 घरों में बिजली और पानी का संकट बना रहा। सुबह बिजली विभाग ने ट्रॉली ट्रांसफॉर्मर लगाकर बिजली आपूर्ति शुरू कराई। रात में ही इसी क्षेत्र में 11 केवी का तार टूटने से सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति काफी देर तक बाधित रही।



# राजेंद्र अनुरागी के जिला महामंत्री बनने पर शिक्षकों में हर्ष

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**जसरा।** प्रयागराज आधुनिक समाचार सेवा बारा से खास रिपोर्ट उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ जनपद प्रयागराज इकाई के नवीन गठन में विनोद कुमार पांडेय को निर्विरोध जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया ।वहीं जिला महामंत्री राजेंद्र अनुरागी निर्विरोध चुने गए।राजेंद्र अनुरागी वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय चितौरी जसरा में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत हैं रविवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित भव्य समारोह में प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी व



प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक की उपस्थिति में प्रयागराज जनपद इकाई के समस्त नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। राजेन्द्र अनुरागी के जिला महामंत्री निर्वाचित होने पर जसरा विकास खंड के शिक्षकों में हर्ष है। श्यमाकांत द्विवेदी, शकील अहमद, निशा चौधरी, रंजीत कुमार, रामप्रकाश पाल, ओझा, शशि पाण्डेय,सुनील तिवारी,विनकंचन मिश्रा,सीमा श्रीवास्तव, नम्रता निषाद, जयश्री द्विवेदी, सुनिला भारती, मधुलिका एवम समस्त ए आर पी तथा सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं ने उन्हें महामंत्री बनने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# दिखी वर्दी की बहादुरी, सेवाभाव से तत्पर चौकी प्रभारी जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।**क्षेत्र के जारी बाजार में रविवार शाम को आये आंधी तूफान व बारिश के बीच रीवा-रोड भीगती वर्दी की परवाह न करते हुए सड़क से हटाने लगे। काफी वजनी होने की वजह से खम्भा हिलने का नाम नहीं ले रहा



हाईवे पर जारी बाजार के पहले कटरा गाँव के सामने एक लोहे का खम्भा सड़क पर गिर गया था।यह घटना बारिश तेज होने और अंधेरा होने के बाद घटित हुई।जो लोहे का खम्भा गिरा था उसमें स्ट्रीट लाइट लगी हुई थी।चौकी प्रभारी जारी शैलेन्द्र यादव को किसी ने फोन पर जानकारी दी तेज हो रही बारिश, ओलों और आंधी तूफान की परवाह किये बगैर शैलेन्द्र यादव ने अपने हमराहियों को साथ लिया और अंधेरे में भीगते हुए खम्भे को था।थोड़ी देर में पुलिस की मेहनत रंग लाई और खम्भे को किसी तरह जुगाड़ लगाते हुए हाइवे से हटा दिया।यह सब 20 मिनट के भीतर ही हुआ।इसके पहले दो बाइक सवार भीगते हुए खम्भे से टकराकर घायल हो गए थे लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें उठाकर गंतव्य की ओर रवाना किया।इंसानियत के लिए वर्दी का यह कर्तव्य पालन देखकर कौन ऐसा है जो ऐसे पुलिस वालों की सराहना न करे और ईश्वर से उनके परिवार की सलामती की दुआएं न कर।

# व्यापार मंडल में मातृशक्ति को उचित सम्मान और स्थान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज ।** प्रयागराज जिला/महानगर उद्योग व्यापार मंडल(संबद्ध) उत्तर प्रदेश उद्योग



व्यापार मंडल पंजी0 के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर महिला उद्योग व्यापार मंडल की जिला अध्यक्ष एड0श्रीमती जूही जयसवाल जी अनुमोदन पर जिला अध्यक्ष अनूप वर्मा एवं नगर अध्यक्ष राजीवकृष्ण श्रीवास्तव ने जिला महानगर उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी में आम बहुमत से यह निर्णय लेते हुए महिला संगठन की रूप रेखा तैयार करते हुए सर्वश्री श्रीमती अर्चना केसरवानी जिला महामंत्री रेनू जयसवाल जिला कोषाध्यक्ष बबीता जयसवाल ममता जायसवाल कंचन मौर्या जी को में जिला उपाध्यक्ष श्रीमती गीता गुप्ता जी को जिला संगठन मंत्री एवं श्रीमती प्रीति गुप्ता जिला पन्ना जयमाला जयसवाल जी को मंत्री पद के लिए स्वीकृति प्रदान की बधाई देने वालों में निखिल पांडेय कुलदीप पांडे गौरव करवरिया विनय जी सोनी राजेश केसरवानी, अंकित गुप्ता जसप्रीत सिंह राजा सरदार चरणजीत सिंह जमाल खान सत्य कुमार त्रिपाठी,तरुण प्रताप सिंह,ओम प्रकाश गुप्ता, राजेंद्र अग्रवाल मुनीमजी सैफी खान सलमान भाई रवि सेठ,पूर्व पार्षद अवनीश शुक्ला,आलोक जायसवाल अभिषेक केशरवानी विशाल,प्रशांत शर्मा,विवेक खन्ना,हिमांशु मिश्रा अरशद बालू,नीरज साहू,विक्की जौहरी,विशाल पाठक,सोनू भरद्वाज,मोनू जोहरी,विकास केशरवानी,हाजी मोहम्मद कयूम,मुकेश गुप्ता,संजय रस्तोगी,विजय रावत,संजय वर्मा,सुभाष सोनी,लोग एवं (कोर कमेटी)।



# सेंट्रल पब्लिक मे मेघावी छात्रों को मेडल से नवाजा गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**बलिया।** जिले के शिक्षा की मंदिरों मे अग्रणी बिल्थरारोड स्थित न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में बड़े धूमधाम से वार्षिक परीक्षाफल एवं ताकत हैं। लेकिन इसकी नींव बचपन में ही पड़ जाती है।उनके भविष्य को संवारने व सहेजने में सभी को सहयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक द्वारा प्रार्थना से की गयी।मौके पर बच्चो के द्वारा मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके अपने हुनर का परिचय दिया। स्कूल के बच्चो के प्रदर्शन ने शिक्षकों सहित




पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान विद्यालय के नौनिहालों क़ो प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय के प्रबंधक सतीश दुबे,प्रबंध निदेशिका मोनिका दुबे व प्रधानाचार्या पूनम प्रसाद मौजूद रही।इस दौरान मेधावी छात्र-छाताओ को मेडल से उन्हे नवाजा गया और प्रशस्त-पत्र देकर उन्हे सम्मानित किया गया। इस दौरान समारोह के मुख्य अतिथि प्रभारी निरीक्षक उभांव राजीव कुमार मिश्र ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं।ये जितना समृद्ध होंगे, भारत उतनी ही तेजी से विकास पथ पर आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं तो युवा वर्तमान हैं। ये युवा हमारी राजीव कुमार मिश्रा ने बच्चो क़ो प्रोत्साहित करते हुए कहा क़ि जिन बच्चों ने पुरस्कार स्वरूप पदक प्राप्त किया हैं, निश्चित ही अगली कक्षा मे दूसरे बच्चे भी कड़ी मेहनत करने क़ो प्रेरित होगे। विद्यालय प्रबंधक सतीश दुबे ने कहा कि विद्यालय परिवार सभी छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास क़ो दृढ़ संकल्पित हैं विद्यालय मे आयोजित अंक-पत्र वितरण समारोह क़ी शुरुआत मुख्य अतिथि उभाव थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, प्रबंधक सतीश दुबे प्रबंध निदेशिका मोनिका दुबे व प्रधानाचार्या पूनम प्रसाद द्वारा माँ सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके की गयी।कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं अभिभावक़ो का मनमोह लिया।इस दौरान उभाव थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा सभी कक्षाओं के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं क़ो प्रशस्ति-पत्र व मेडल प्रदान किया इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सतीश दुबे ने सभी अभिभावकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्र-छात्राओं को नए सत्र की अग्रिम शुभकामनाएं दी। इस दौरान, नेहा, सुजीत गुप्ता, विशाल गुप्ता, सतेंद्र मौर्या, अमर सिंह, राकेश जायसवाल, दीपक, कमलेश शर्मा, संध्या सिंह, रौनक, रेखा शाही समेत सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रही

# प्रयागराज द्वारा हजारों की संख्या में पुराने पेंशन बहाली को ले कर किया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज ।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच (ऍेशळ) प्रयागराज के संयोजक आर डी यादव की अध्यक्षता में समय 11 बजे दिन से 3 बजे तक पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित धरना स्थल पत्थर गिरिजा घर सिविल लाइंस पर कई हजार की संख्या में कर्मचारी शिक्षक अधिकारी पेंशनर्स द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुए पुरानी पेंशन बहाल हो का नारा लगाते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार व माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया सदन द्वारा निर्णय लिया गया कि यदि दिनाँक 20/5/2023तक दोनो सरकारों द्वारा पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई तो तृतीय चरण के आन्दोलन कर्मचारी शिक्षक समाज इस बैनर के नीचे अपने परिवार जनों के साथ दिनांक 21/5/2023 को ऐतिहासिक मशाल जुलूस निकाल कर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जायेगा।धरने का संचालन मंच के सह संयोजक सचिव विनोद कुमार पांडेय जी ने किया।धरने में केंद्रीय संगठन ऍेशळ के राष्ट्रीय महामंत्री आर डी यादव वा उन्हीं के संगठन के डी एस यादव सईद अहमद ए के सिंह सुभाष प्रजापति नागेंद्र बहादुर ,आदि के नेतृत्व में हजारों की संख्या में सदस्यों ने प्रतीभाग किया ।

# पूर्वोत्तर रेलवे ने मंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने पर 20 महिला कर्मचारियों को नवाजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।**पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन गोरखपुर द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को रेलवे किया। इस अवसर पर अपने श्रीमती शिवानी सिंह ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे पर सभी विभागों एवं सभी क्षेत्रों में महिलायें अपना कार्य योगदान दे रही है। अपने-अपने क्षेत्रों अपने-अपने क्षेत्रों में और उत्कृष्ट कार्य करेगी। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीती मिश्रा, सचिव श्रीमती सुमा




अधिकारी क्लब, गोरखपुर में आयोजित एक समारोह में पूर्वोत्तर रेलवे, मुख्यालय एवं मंडल स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 20 महिला कर्मचारियों को अध्यक्ष, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन, गोरखपुर श्रीमती शिवानी सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को उनके उत्साहवर्धन हेतु एवं अन्य महिला रेल कर्मियों को प्रेरणा देने हेतु चुनी गयी महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जा रहा है। आशा है कि अन्य महिला रेल कर्मी भी इससे प्रेरित होकर नाज, संयुक्त सचिव श्रीमती पूजा खरे, कोषाध्यक्ष श्रीमती मीना राय एवं अन्य सदस्यायें उपस्थित थी।इस आशय की जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने मीडिया को दी।

# पूर्वोत्तर रेलवे का कार्य कर महिलाऐ हो रही आत्म- निर्भर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।**महिलायें अपने विश्वास के बल पर आ रही चुनौतियों से लड़ने हेतु एक अलग पहचान बना रही है।आर्थिक व मानसिक रूप से आत्म- निर्भरता की ओर अग्रसर है।इसी क्रम में यांत्रिक कारखाना गोरखपुर के ट्रिमिंग अनुभाग में महिलाओं द्वारा किये गये कार्य सराहनीय है।यात्री के आवधिक रिपेयर के दौरान बर्थ एवं सीट की रिपेयर का कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है।इसके अन्तर्गत बर्थ एवं सीट्स से सम्बंधित विभिन्न कार्य सम्मिलित है, जिसमें सीट के गद्दो से पुराने रेक्सीन को हटाना, रेक्सीन काटकर कवर बनाना, रेक्सीन की सिलाई एवं कुशन रिपेयर के उपरान्त बर्थ पर रेक्सीन कवर



लगाकर न्यूमैटिक स्टेपलर द्वारा रेक्सीन की फिक्सिंग करना शामिल है। इसके अतिरिक्त वातानुकूलित यानों में लगने वाले परदों की सिलाई का कार्य भी महिलाओं के द्वारा किया जाता है।ट्रिमिंग अनुभाग में मौजूद मोटरीकृत सिलाई मशीन, प्रयूमेटिक स्टेपलर एवं विद्युत चलित रेक्सीन कटिंग मशीन के माध्यम से इन महिलाओं द्वारा दक्षता पूर्वक कार्य किया जाता है। इस ट्रिमिंग अनुभाग में कुल 33 महिलाएं कार्यरत है जिनके द्वारा प्रतिमाह लगभग 120-130 यानों का बर्थ रिपेयरिंग का कार्य किया जाता है।महिलायें पुरूषों के साथ कन्धे से कन्धा मिलाकर रेल संचलन के सभी क्षेत्रों मे कार्य कर रही हैं तथा महिलाओं की भागीदारी निरन्तर बढ़ती जा रही है और वे सभी मोर्चो पर सफलतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रही हैं।पंकज कुमार सिंह मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

# प्रिंयंका ने जापान में वाक चैम्पियनशिप में कास्यं पदक जीत रेलवे का गौरव बढ़ाया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।**पूर्वोत्तर रेलवे के खलिाड़ियों का राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन निरन्तर निखर रहा है। वे बढ़ाया। पूर्वोत्तर रेलवे की एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने जापान में आयोजित 20 किमी. एशियन वाक चैम्पियनशिप में 19 मार्च, 2023 को कास्यं पदक प्राप्त कर





अपने शानदार खेल कौशल के बल पर देश भारतीय रेल एवं पूर्वोत्तर रेलवे के लिए पदक प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जत नगर मंडल में वरिष्ठलिपिक के पद पर कार्यरत एथलीट प्रियंका गोस्वामी ने जापान में आयोजित 20 किमी 0 एशियन वाक चैम्पियनशिप में कास्यं पदक प्राप्त कर अपने देश एवं रेलवे का गौरव ओलम्पिक,एशियन गेम्स एवं विश्व चैम्पियनशिप हेतु क्वालीफाइ किया। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठापरक प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ के अध्यक्ष श्री योगेश मोहन व महासचिव श्री पंकज कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये उन्हें बधाई दी है।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने चैत्र नवरात्र मेला को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु ड्यूटी में लगे

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।**20 मार्च 2023- मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में दिनांक 21/22 मार्च 2023 से प्रारम्भ होकर 30 मार्च 2023 तक चलने वाले चैत्र नवरात्र में मां विन्ध्यवासिनी, कालीखोह व अष्टभुजा धाम विन्ध्याचल क्षेत्र में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र का परम्परागत् मेला दिनांक-21/22.03.2023 से प्रारम्भ होकर दिनांकः30.03.2023 तक चलेगा। मां विन्ध्यावासिनी देवी का दर्शन पूजन करने स्थानीय दर्शनार्थियों के साथ-साथ वाह्य जनपदों, विभिन्न प्रदेशों एवं देश-विदेश से भी भारी संख्या में श्रद्धालुजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां आते है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2018 में नवरात्र मेले को राज्य स्तरीय मेला घोषित किया गया है। उक्त दृष्टिगत आज जिलाधिकारी दिव्या मित्तल पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के द्वारा थाना को0कटरा क्षेत्रान्तर्गत लोहिया तालाब स्थित डैफोडिल्स पब्लिक स्कूल में चैत्र नवरात्र मेला-2023 को निर्बाध एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद व वाह्य जनपदों से आने वाले पुलिसकर्मियों एवं अन्य विभागों से ड्यूटी में लगे अधिकारी/ कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सम्पूर्ण मेला व्यवस्था के नोडल अधिकारी 'श्रीकान्त प्रजापति', अपर पुलिस अधीक्षक नगर मीरजापुर को बनाया गया है तथा पुलिस मेला अधिकारी 'परमानन्द कुशवाहा' क्षेत्राधिकारी मेला/क्षेत्राधिकारी नगर को तथा मेला प्रबंध के लिए गठित मेला प्रकोष्ठ का प्रभारी 'उप-निरीक्षक विवेकानन्द उपाध्याय' को बनाया गया है । सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 02 सुपर जोन, 10 जोन एवं 21 सेक्टर जोन में विभाजित किया गया है, प्रत्येक सुपर जोन, जोन व सेक्टर के प्रभारी अधिकारी क्रमशः अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक व निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी बनायें गए है। चैत्र नवरात्र मेला-2023 ड्यूटी में लगे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारीगण को ब्रीफिंग के दौरान निर्देशित किया गया कि सभी दर्शनार्थियों को सुगमता तथा सुरक्षित ढ़ंग से दर्शन-पूजन कराना सुनिश्चित करेंगें तथा गर्भ गृह में प्रवेश पूर्णतया बंद रहेगा, ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी साफ-सुथरी वर्दी धारण करेंगें तथा अनुशासित रहकर आने वाले श्रद्धालुजनध्दर्शनार्थियों से विनम्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगें। सेक्टर अधिकारी के आदेश के बिना ड्यूटी स्थल को न छोड़ें, समय से ड्यूटी स्थल पर पहुंचें तथा अपने प्रतिस्थानी के पहुँचने के बाद ही ड्यूटी स्थल छोड़ें। किसी व्यक्ति के खो जाने पर उसे खोया पाया केन्द्र/ पुलिस सहायता केन्द्र तक पहुँचाकर सहयोग करें। दर्शनार्थियों के साथ अत्यन्त विनम्रता तथा आदर का व्यवहार करें। किसी भी व्यक्ति के बीमार/बेहोश अथवा अस्वस्थ हो जाने पर चिकित्सकीय व्यवस्था उपलब्ध करायें जाने हेतु मेला कन्ट्रोल को तत्काल सूचित करें। ड्यूटीरत् पुलिसकर्मी अपने साथ ड्यूटी कार्ड अवश्य रखे तथा निष्ठा एवं कुशलता से ड्यूटी पर सतर्क रहें। अपनी ड्यूटी को जोनल/ सेक्टर/ड्यूटी प्रभारी अधिकारी से अच्छी प्रकार समझ लें तथा इयूटी के दौरान उपस्थिति अवश्य दर्ज कराये जाने हेतु बताया गया तत्पश्चात ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण को चैत्र नवरात्र मेला-2023 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की शपथ दिलाई गयी। मेला को सकुशल सम्पन्न करायें जाने हेतु तथा मेले में आने वाली बालिकाओं/ महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए महिला पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण की सादे तथा वर्दी में विभिन्न प्रकार की ड्यूटियां लगायी गयी है। चैत्र नवरात्र मेला को निर्बाध एवं शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, निरीक्षक, उप-निरीक्षक, पुरूष/ महिला मुख्य आरक्षी व आरक्षी स्तर के पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की विभिन्न प्वाइंटो पर भारी संख्या में ड्यूटी लगायी गयी हैं तथा उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस, फायर मैन, पीएसी (फ्लड कंपनी),एसडीआरएफध्एनडीआरएफ, गुण्डा दमन दल, एन्टी चैन स्नैचर स्क्वाड, फायर टेन्डर, क्रेन, एचएचएमडी/डीएफएमडी, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरा तथा पर्याप्त संख्या में होमगार्ड/पीआरडी व पीएसी बल का डिप्लायमेंट किया गया है।

100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी — सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग — बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्टिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# विण्ढमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 23/2023 में वांछित 02 नफर अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** अवगत कराना है कि दिनांक 16.03.2023 को वादी विरेन्द्र विश्वकर्मा पुत्र काशी विश्वकर्मा निवासी धरती डोलवा थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र द्वारा थाना विण्ढमगंज पर सूचना दी गयी कि उनके भाई व उनके भाई की पत्नी को विपक्षीगण द्वारा महुआ बिनने के विवाद को लेकर गाली गुप्ता देते हुए लाठी डण्डा व कुल्हाडी से मारकर बेहोस कर दिये थे । जिसके सम्बन्ध में थाना विण्ढमगंज पर मु0अ0सं0-23/23 धारा 34, 147, 148, 323, 504, 506, 326, 308 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया । पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देशन में थाना विण्ढमगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 18.03.223 को उपरोक्त घटना में वांछित 02 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 01. शिवनरायण विश्वकर्मा पुत्र नरेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम धरतीडोलवा थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र, 02. पंकज विश्वकर्मा पुत्र कामेश्वर निवासी ग्राम धरतीडोलवा थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गयी । **गिरफ्तारी का विवरण-** 01. शिवनरायण विश्वकर्मा पुत्र नरेश विश्वकर्मा निवासी ग्राम धरतीडोलवा थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र। 02. पंकज विश्वकर्मा पुत्र कामेश्वर निवासी ग्राम धरतीडोलवा थाना विण्ढमगंज जनपद सोनभद्र । **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-** 1- उ0नि0 सुरेन्द्र सिंह थाना विण्ढमगंज, जनपद सोनभद्र । 2- का0 सौरभ जायसवाल, थाना विण्ढ़मगंज, जनपद सोनभद्र । 3- का0 रोहित यादव, थाना विण्ढ़मगंज, जनपद सोनभद्र ।



# हर्षोल्लास के साथ कुशवाहा समाज ओबरा में मनाया गया होली मिलन समारोह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**ओबरा/सोनभद्र ।** दिन रविवार को कुशवाहा समाज भवन में कुशवाहा समाज के सभी सदस्यों के साथ मिलकर आपसी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमे समाज के लोगों ने समारोह में एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर गले मिलकर बधाई दी वही नन्हे बच्चों इशिका सिंह ने कविताएं व गीत गाकर लोगों का मन बहलाया वही समाज की महिला योगिता सिंह, पुष्पा सिंह,रमिता मौर्या होली गीत गाकर एक से बढ़कर एक गानों की प्रस्तुति कर सबका मन मोह लिया घंटों चले कार्यक्रम में कुछ फिल्मी गाने वह भक्ति में गानों पर सभी कुशवाहा बंधुओं झूमते नचाते अपनी खुशी जाहिर की समाज के संरक्षक देव प्रकाश मौर्य ने सभी लोगों को होली मिलन की ढेरों बधाइयां व शुभकामनाएं दी साथ ही गार्जियन स्वरूप संरक्षक गयानाथ कुशवाहा,सुरेश मौर्या, दशरथ सिंह,सलाहकार मौजूद रहे। साथ ही सभी लोगों ने गुजिया,मिठाइयां एक दूसरे को खिला कर बधाई दी। अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ,उपाध्यक्ष रमिता मौर्या ,कृष्णानंद सिंह , सचिव शेषनाथ सिंह, उप सचिव पुष्पा सिंह ,संतोष मौर्य कोषाध्यक्ष ईश्वर दयाल मौर्य संगठन सचिव - बीना सिंह,प्रचार सचिव गौतम कुमार सिंह ,संतोष सिंह,रामदेव सिंह,अमित कुमार सिंह, गौतम,राधिका सिंह श्वेता सिंह, कंचन सिंह , सुषमा कुशवाहा राम पदार्थ मौर्या,रीना सिंह,गीता सिंह,शुशीला सिंह, निर्मल सिंह व सभी कमेटी सदस्य कुशवाहा मीडिया प्रभारी अरविंद कुशवाहा सहित समाज के सभी सदस्य मौजूद रहे ।



# सलैयाडीह ग्राम पंचायत भवन पर सोमवार को समाधान दिवस का आयोजन रखा गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**विंढमगंज/ सोनभद्र।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सलैयाडीह ग्राम पंचायत भवन पर सोमवार को लाइन तक का रोड निर्माण को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया जिसमें नोडल अधिकारी के द्वारा बताया गया कि यह कार्य जिला पंचायत स्तर का द्वारा लोगों को आश्वासन दिया गया कि जल्द से जल्द साफ सफाई और जो भी नाली की दूर व्यवस्था है उसे ठीक करा दिया



समाधान दिवस का आयोजन रखा गया जिसमें नोडल अधिकारी दुद्धी तहसीलदार थे जो कि किसी कारण बस नहीं उपस्थित हो सकें उनके जगह पर नियुक्त नोडल अधिकारी के रूप में अरशद खान (सेक्रेटरी) ने बताया कि दो प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें एक कृषि संबंधित समस्या तत्काल वहीं पर निस्तारण कर दिया गया दूसरा प्रार्थना पत्र लव कुश चंद्रवंशी के द्वारा काली मंदिर से लेकर रेलवे है जो कि संबंधित अधिकारी तक पहुंचा दिया जाएगा निस्तारण के लिए मौखिक रूप से सलैयाडीह के पूर्व प्रधान अरविंद जायसवाल के द्वारा नाली की समस्या और मेन रोड के बगल में पुलिया के बगल में साफ-सफाई को लेकर गांव की आज के वातावरण मे गंदगी से फैल रहे बीमारियों की समस्या को मजबूती से मौखिक रूप से बताया गया जिसमें वर्तमान प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक प्रताप सिंह के जाएगा इस मौके पर अरशद खान ग्राम प्रधान सीमा देवी प्रधान, कृषि विभाग से अरुण कुमार सिंह, चंद्रशेखर, प्रतिनिधि अभिषेक सिंह पूर्व प्रधान अरविंद जयसवाल, निर्मल, लव कुश चंद्रवंशी, प्रधान सहायिका गंगोत्री शर्मा, ग्राम पंचायत सदस्यो में जितेंद्र शर्मा ,अजीत चंद्रवंशी, राहुल, विजय ,बराल अहमद, नान्हू,कुंजू, सूरज आदि लोग मौजूद थे।

# राज कुमार सागर सह संयोजक/ कार्यक्रम प्रभारी मनोनीत किये गये

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच (एन सी आर एम् यू) रेलवे (केन्द्रीय, कर्मचारी, राज्य कर्मचारी,शिक्षक,पेसनर्स ) के बैनर तले आल इंडिया के जनपद मुख्यालय पर पुरानी पेंशन बहाली हेतु करेंगे एक दिवसीय धरना प्रदर्शन, केन्द्र राज्य सरकारों का कराएंगे ध्यानाकर्षण आज दि019/3/2023को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच पय़ागराज की एक बैठक सदर तहसील में लेखपाल संघ पय़ागराज के अध्यक्ष राजकुमार सागर की अध्यक्षता में समय 2बजे दिन में आहुत की गई। जिसमें मंच के मण्डल सह संयोजक इ0बी के पाण्डेय, जनपद सहसंयोजक राग विराग, सहसंयोजक /सचिव विनोद कुमार पांडेय ने मंच द्वारा आन्दोलन कार्यक्रम में लेखपाल संघ के सदस्यों को संत पत़िशत पत़िभाग करने की अपील की गई और लेखपाल संघ के अध्यक्ष को मंच का सहसंयोजक/धरना, पद़र्नश /मशाल जुलूस का प्रभारी बनाए जाने की घोषणा परिषद अध्यक्ष राग विराग जी द्वारा की गई, उसके बाद पी डब्लू डी, विकास भवन के सभी विभागों, में जिला मुख्यालय पर पोस्टर लगाए गए बैठक को सम्बोधित करने वालों में लेखपाल संघ के सभी तहसीलों के अध्यक्ष, मन्त्री अन्य पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन लेखपाल संघ के मन्त्रीअवनीश पाण्डेय जी ने किया।

# चोपन पुलिस की संयुक्त टीम ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला/सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई से पुलिस की संयुक्त टीम ने एक वांछित आयुक्त को गिरफ्तार कर पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहें अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी अ0धारा घरेलू हिंसा, थाना चोपन, मा0 न्या0 सी0जे0एम0 जनपद सोनभद्र राधा बनाम हिरा से सम्बन्धित अभियुक्त हीरा सिंह उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र रामजग निवासी



भेजा गया जेल आज सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला चढ़ाई से पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मिर्जापुर द्वारा वांछित/ वारण्टी / नगर के पर्यवेक्षण में, तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु थाना चोपन थाना के अंतर्गत मु0 नं0 690 / 2022 डाला चढाई को गिरफ्तार कर मा0 न्या0 भेजा गया इस दौरान टीम में चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत, डाला चौकी इंचार्ज अरविन्द कुमार गुप्ता , हे0का0 शोएब खां शामिल रहे।

# मौसम ने ली करवट ,ट्रंक में रखी रजाई व गर्म कपड़े निकले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/ सोनभद्र।** इधर दो दिनों से अचानक मौसम ने करवट ले ली है रविवार की शाम आंधी पानी के बीच बरसात शुरू हो गयी जिससे मौसम के तापमान में एकाएक गिरावट दर्ज की गई और ठंडापन आ गया ,रविवार की शाम से दुद्धी क्षेत्र में रात्रि तक हुई कई घण्टे बारिश ने मौसम में भारी बदलाव लाकर रख दिया । लोग ट्रंक में रखे रजाइयां , स्वेटर ,जैकेट ,मफलर ,टोपी आदि फिर से निकाल लिए और इसका प्रयोग कर राहत महसूस कर रहे है । जहां मौसम में आये एकाएक बदलाव से लोगो जनजीवन बेहाल रहा वहीं किसानों के चेहरे अपने फसलों की बर्बादी को लेकर चिंता की लकीर दिखाई पड़ रही है । आम में लगे बौर व महुआ , गेहूं , अरहर ,सरसों की खेतों में लगी फसलों को लेकर काफी चिंतित नजर आ रहे हैं। तथा किसान अपने उपज से अच्छी फसल की अच्छी आमद को लेकर काफी खुश नजर आ रहे थे लेकिन मौसम के अचानक करवट लेने से उनके मंसूबो पर पानी फिरता नजर आ रहा है ।

# व्यापार मंडल अध्यक्ष ने फुटपाथ व्यापारियों की उठाई आवाज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**दुद्धी/ सोनभद्र।** जिला उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल ने फुटपाथ पर दुकान लगाकर जीवन यापन करने वाले दर्जनों दुकानदारों की समस्यायों को अवगत होकर कहा कि नगर पंचायत दुद्धी सीमान्तर्गत बाजार में फुटपाथ पर दुकान लगाकर जीविकोपार्जन करने वाले व्यापारियों का समस्यायों का अनदेखी कब तक होता रहेगा और समाधान कब होगा । फुट पाथ पर सब्जी ,कपड़ा ,मनिहारी , आदि का व्यापार करने वाले लोग कई दशक से मेन बाजार में में दुकान निरंतर लगाते रहे किंतु दो वर्ष पूर्व एनएच मार्ग खाली कराकर उन दुकानदारों को दुद्धी दुद्धी - मल्देवा व डीसीएफ कालोनी लिंक मार्ग पर बैठा दिया गया । बेचारे मजबूर दुकानदार उक्त स्थान पर तो दुकान चला रहे है किंतु लिंक मार्ग होने के नाते रोड भी पर्याप्त चौड़ा नही है और पटरी भी अधिक चौड़ा नही है इसके बाद दुकानदारों द्वारा दुकान लगाने के लिए मजबूर हैं। जबकि उक्त मार्ग पर आए दिन स्कूली बस ,बड़े वाहनों समेत दोपहिया वाहनों का आना जाना होता है जिससे दुर्घटना होने की भी प्रबल संभावना बनी होती है । उन्होंने डीएम का ध्यान आकृष्ट करते हुए स्थलीय जांच करवाते हुए व्यापारी हित में उनकी समस्यायों का समाधान हो जिससे फुटपाथी व्यापारी सुरक्षित जीवन जी सके।इसके साथ ही उन्होंने जिले के तमाम सक्षम अधिकारी व क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उन्होंने वर्षा ऋतु के पूर्व उनके समस्या का समाधान करने की मांग किया है । इस मौके पर सूरज कुमार ,मधुसूदन , गोविंद ,राम निवास , संतोष प्रसाद आदि लोग मौजूद रहें।

# निवासी ग्राम प्रधान, समाजसेवी व धर्म प्रेमियों की एक बैठक की

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**विंढमगंज/ सोनभद्र।** स्थानीय थाने पर आज दोपहर के बाद लगभग 3:00 बजे पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ठाकुर ने थाना क्षेत्र के दर्जनों ग्राम पंचायत निवासी ग्राम प्रधान, समाजसेवी व धर्म प्रेमियों की एक बैठक की। बैठक में थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शासन के द्वारा मिले दिशा निर्देश के अनुसार ही आप आगामी राम नवमी का पर्व बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से मनाएंगे। पूर्व में पर्व जैसे मनाया जाता रहा है ठीक उसी के अनुरूप आप पर्व को मनाएंगे, कोई भी नई परंपराओं का शुरुआत नहीं करेंगे, ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग मधुर ध्वनि के साथ करेंगे साथ ही साथ सक्षम अधिकारी से आदेश भी करा कर रखेंगे, आपस में भाईचारा व मेल मिलाप बनाए रखेंगे, जगह-जगह पर महावीरी झंडा व मंदिरों में होने वाले पूजा पाठ के दौरान संबंधित समिति के लोग अपने-अपने वॉलिंटियर को निगरानी हेतु रखेंगे तथा हमें भी समिति के वॉलिंटियरो की सूची उपलब्ध कराएंगे, आप पर्व को शांतिपूर्ण मनाइए आपके साथ स्थानीय पुलिस सदैव आपके सहयोग के लिए मौजूद रहेगा। आवश्यकतानुसार भीड़भाड़ वाले इलाके में जगह-जगह पर पुलिस व महिलाओं वाली भीड़ के जगह पर महिला पुलिस की भी व्यवस्था बना दी जाएगी, पर्व मनाने में अगर किसी भी क्षेत्र के लोगों को किसी तरह का कोई परेशानी हो तो हम तक अवश्य बताएं उसका समाधान ग्राम प्रधान के माध्यम से कराने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर प्रधान संघ अध्यक्ष दिनेश यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि निरंजन सोनी, अभिषेक प्रताप सिंह उर्फ किशु सिंह, सरयू यादव, अरविंद कुमार, गरीबा पाल, सुनील कुमार, जयप्रकाश सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।




# 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मैत्रीपूर्ण फुटबॉल मैच में दुद्धी व महुली की टीम 1-1 गोल कर बराबर पर रहीं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**सोनभद्र।** दुद्धी सोनभद्र मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वाधान में 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के मैत्रीपूर्ण सुपर संडे फुटबॉल मैच में दुद्धी व महुली की टीम का शानदार मैच का आगाज रामलीला मैदान दुद्धी पर आयोजित हुआ, मैत्रीपूर्ण मैच के प्रथम पाली में महुली की टीम ने पहला गोल किया, ततपश्चात् दुद्धी की टीम के खिलाड़ी हिमांशु नें प्रथम पाली में ही गोल कर एक-एक की बराबरी पर मैच पहुंचा दिया त् जलपान उपरांत दूसरी पाली में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी जबकि दोनों ही टीम के रेफरी ने पांच 5 मिनट का अतिरिक्त समय टीम को दिया त् टाईब्रेकर के बाद पेनाल्टी शूट आउट में भी रेफरी ने अवसर दोनों ही टीम को प्रदान किया यहां भी दोनों टीम ने बराबरी कर एक-एक गोल किए त् इस प्रकार रोमांचक मैत्रीपूर्ण सुपर संडे फुटबॉल मैच में बराबरी पर दोनों टीमें रही त् रेफरी का दायित्व सुधीर कुमार द्वारा निभाया गया त् कार्यक्रम के संयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका आनंद प्रकाश द्वारा निभाया गया त् इस मौके पर संरक्षक जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी मेजर ध्यान चंद स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष शिव शंकर गुप्ता एडवोकेट, सचिव श्रवण कुमार कोषाध्यक्ष डॉक्टर इश्लामूल, उपेन्द्र तिवारी,हुदा,सेराज खान संगीता वर्मा, धर्मेंद्र प्रधान, राहुल अग्रहरि, बादल, आंसू, खुशबू, प्रियंका, पलक आदि दर्जनों खिलाड़ी मौके पर मौजूद रहे त् दर्शकों ने जमकर फुटबॉल का लुफ्त उठाया और क्रिकेट के खिलाड़ियों ने मैत्रीपूर्ण मैच में सहयोग व उत्साहवर्धन प्रदान किया।




# ज्ञान के मंदिर का हालत बदहाल सोशल कार्य दिखावा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**डाला/सोनभद्र।** डाला नगर पंचायत स्थित निजी कंपनी अल्ट्राटेक द्वारा सोशल कार्यों का भरमार देखते - देखते नगर वासियों की आँखे पथराने लगी । कारण कभी ऐसा विकास नगर वासियों ने देखा ही नही था । डाला बाजार नगर पंचायत के नाम से जाना जाने वाला स्थान कभी अपने आप मे गौरव महशुस कराता था। सीमेन्ट फैक्ट्री के नाम पर बिख्यात यह स्थान पर मानो ग्रहण सा लग गया हों। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रहे सीमेन्ट फैक्ट्री में कार्य कर रहे कर्मचारियों की जीवन सुदृढ ढंग से चल रहा था कि किन्ही कारण वश जेपी एसोसिएट्स को दे दी गयी । जब जेपी एसोसिएट्स यहां आयी उस समय विकास के नाम पर अधिकारी भी समस्याओं को सुना करते थे। लेकिन जैसे ही डाला में अल्ट्राटेक सीमेन्ट यूनिट का आगमन हुआ । यहां के जनता , इन्हें कीड़े मकोड़े लगने लगे। नगर पंचायत में कोई हॉस्पिटल नही और जनहित के लिए कोई विशेष व्यवस्था नही। सामाजिक सुविधाएं उपलब्ध कराना कंपनी की जिम्मेदारी है । पर खाना पूर्ति के शिवाय कुछ नही। उसी क्रम में विद्यालय की बात करें तो जिन रास्ते से नगर वाशियों के बच्चे पढ़ने जाते है। वह जोखिम भरा है। धर्म के नाम पर भगवान का मंदिर बना जिसका सभी ने सम्मान किया वही ज्ञान का मंदिर जाने वाले को रास्ते मे पत्थर व ककड़ । इंटर कालेज में लगभग देखा जाय तो 99 ℅ बच्चे स्थानीय नगर के निवासी है। आखिर इन बच्चों के लिए रास्ते को क्यों बनवाये निजी कंपनी।





# मीरजापुर में सही भोजन-बेहतर जीवन की थीम पर लगा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट ईट राइट मेला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मीरजापुर।** 20 मार्च 2023- आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सोमवार को अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के उपलक्ष्य में आयोजित मिलेट ईट राइट मेला का आयोजन सही भोजन बेहतर जीवन थीम के साथ किया गया। इस दौरान आमजन की सक्रिय भागीदारी से नागरिकों को सही भोजन के प्रति जागरूक किया गया। ईट राईट मेला का आयोजन खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा नगर विधानसभा स्थित राजकीय इंटर कालेज,महुवरिया में किया गया। मेला का उद्घाटन मा0 कैबिनेट मंत्री उपभोक्ता संरक्षण, बाट माप एवं प्राविधिक शिक्षा आशीष पटेल व मा0 विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के उपलक्ष में जनपद मिर्जापुर में आज दिनांक 20 मार्च 2023 को स्थान जीआईसी ग्राउंड महुवारियां में खान पान की स्वस्थ आदतों के विकास हेतु आम जनमानस को जागरूकता करने के उद्देश्य से ईट राइट मेले का आयोजन प्रथम बार किया गया। इस वर्ष यह मेला श्री अन्न को समर्पित था। मेले का प्रमुख आकर्षण मेले में लगे नवोन्मेषी खाद्य तेल, चावल वा श्री अन्न से बनी मिठाईया फोर्टीफाइड मिल्क प्रोडक्ट, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मिलेट आधारित चिल्ला के स्टाल रहे। साथ में स्ट्रीट फूड वेंडर आयोजित किए गए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप एवं लाइसेंस पंजीकरण कैंप की जनप्रतिनिधियों द्वारा सराहना की गई तथा निर्देशित किया गया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम कराए जाएं जिसे जन जागरूकता एवं मोटे अनाजों की उपयोगिता को बढ़ावा मिल सके।

# आईपीएल इतिहास में अपनी पहली गेंद पर विकेट चटका चुके हैं ये घातक गेंदबाज लिस्ट में 'बेबी मलिंगा' का नाम भी शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियल लीग एक ऐसी लीग बन गई है, जिसे पूरी दुनिया में पसंद किया जाता है। पिछले सीजन से दो नई टीमों के साथ इस लीग का रोमांच दोगुना हो गया है। आईपीएल के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च से होना है, जहां पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात जायंट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा। बता दें कि इस सीजन भी कई बड़े रिकॉर्ड्स देखने को मिलने वाले है, जो फैंस को काफी इंटरटेन करेंगे। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं उन 3 खिलाड़ियों के बारे में जिन्होंने इस टूर्नामेंट में अपने डेब्यू मैच में पहली ही गेंद पर विकेट चटकाए है। इस लिस्ट में पहले नंबर पर है ईशांत शर्मा का नाम, जिन्होंने आईपीएल के इतिहास में अपने डेब्यू मैच की पहली गेंद पर ही राहुल द्रविड़ का विकेट लिया था। ईशांत ने यह कारनामा केकेआर टीम की तरफ से साल 2008 में किया। उस मैच में ईशांत के अलावा अजित अगरकर ने 3 और अशोक डिंडा ने 2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई थी लिस्ट में दूसरे नंबर पर है भारतीय तेज गेंदबाज विल्किन मोटा का नाम, जिन्होंने आईपीएल हिस्ट्री में अपनी पहली गेंद पर ही विकेट लिया था। साल 2008 में ही ईशांत शर्मा के बाद विल्किन ने पंजाब टीम की तरफ से खेलते हुए सीएसके के सुरेश रैना को पहली ही गेंद पर आउट किया था। रैना ने उस मैच में 13 गेंदों पर 33 रनों की पारी खेली थी और विल्किन ने 2 विकेट चटकाए लिस्ट में विल्किन के बाद ऐसे 7 गेंदबाजों ने अपने डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट लिया, लेकिन हाल ही में आईपीएल के पिछले सीजन श्रीलंका के मथीशा पथिराना ने चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से अपने डेब्यू मैच में पहली गेंद पर विकेट चटकाया और ऐसा करने वाले वह 9वें गेंदबाज बने। उन्होंने गुजरात जायंट्स के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को आउट कर यह सफलता हासिल की।







# 10 साल से एक भी आईसीसी ट्रॉफी क्यों नहीं जीत पाई, इस पूर्व दिग्गज ने बताई भारत के नाकाम होने की वजह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** साल 2013 के बाद से भारतीय टीम एक भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकी है। टीम इंडिया के कई बड़े स्टेज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने की वजह से उन्होंने सेमीफाइनल में तो कई बार अपनी जगह बनाई, लेकिन उसके बावजूद टीम इस ट्रॉफी को अपने नाम नहीं कर पाई इस कड़ी में पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर खिलाड़ी मोहम्मद हफीज ने भारतीय टीम की कमजोरी बताते हुए एक बयान दिया है। हफीज का मानना है कि भारतीय टीम नॉकआउट मुकाबलों में अलग तरीके से खेलती है और खुद पर प्रेशर डालती है, जिसके चलते टीम को इन अहम मुकाबले में हार का सामना करना पड़ता है दरअसल, एक इंटरव्यू के दौरान मोहम्मद हफीज ने भारतीय टीम के बड़े स्टेज में हारने को लेकर एक बयान दिया। उन्होंने इस दौरान कहा कि ये बताना बहुत ही मुश्किल है कि घ्ण्ण् के नॉकआउट मुकाबले में खेलने का दबाव कैसा होता है। भारत इस प्रेशर के कारण हार का सामना कर रहा है। उन्होंने कई अहम मुकाबलों में हार का सामना किया है बता दें कि साल 2017 में भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला हारा और 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही हाफिज ने कहा कि यह भारत के लिए चिंता का विषय है। अब उन्हें दुनिया को यह बताना है कि वो भी बड़े इवेंट्स में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और वो भी बिना दबाव के साथ। उन्होंने आगे कहा, 'आप घरेलू क्रिकेट की तुलना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से नहीं कर सकते। इसी तरह आप द्विपक्षीय सीरीज खेलने के दबाव की तुलना आईसीसी टूर्नामेंट के नॉकआउट से नहीं कर सकते। हमने 2022 का विश्व कप देखा है कि भारत दबाव को संभालने में सक्षम नहीं रहा है। वे अहम मैच हारे, सेमीफाइनल हारे और यहां तककि क्वालीफाई भी नहीं कर सके।' हफीज ने यह भी कहा कि भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत हमेशा से हॉट-फेवरेट रहा है। यह भारत के लिए एक प्लस पॉइंट है और इसकी नींव गांगुली के युग में रखी गई थी जब टीम में ये विश्वास रखा गया था कि वे एक विश्व विजेता बन सकती हैं। इस विश्वास को आगे महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली ने बनाए रखा।







# विराट-राहुल के बाद बाबा महाकाल का आशीर्वाद लेने पहुंचा एक और भारतीय क्रिकेटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 16वें सीजन के आगाज की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। 31 मार्च से शुरू होने वाली इस लीग के लिए 10 टीमें जोरों-शोरों से तैयारियों में जुटी है। इस बीच आईपीएल से पहले भारतीय टीम के अनुभवी स्टार गेंदबाज उमेश यादव ने 20 मार्च को बाबा महाकाल के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। बता दें कि आईपीएल के आगामी सीजन में उमेश केकेआर टीम की तरफ से खेलते हुए नजर आएंगे, लेकिन पिछले कुछ समय पहले उनपर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। उन्होंने 23 फरवरी को अपने पिता को खोया। उस वक्त वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल रहे थे। दरअसल, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज उमेश यादव 20 मार्च को महाकाल भस्म आरती में शामिल हुए। भस्माआरती के बाद वह गर्भगृह में पहुंचे और जलाभिषेक कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। ऐसे में आईपीएल 2023 से पहले उमेश की पूजा अर्चना की तस्वीरें तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। बाबा महाकाल के दर्शन के बाद उमेश ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बाबा से उन्होंने देश दुनिया में सुख शांति बने रहने की प्रार्थना की। बाबा महाकाल से उन्होंने सभी की मनोकामना पूर्ण होने की भी दुआ मांगी। बता दें कि टीम इंडिया के मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से पहले जनवरी 2023 में महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंचे थे। इसके बाद न्यूज़ीलैंड के खिलाफ सूर्या ने आतिशी पारी खेली थी। उन्होंने 47 रन बनाए थे। इसके बाद पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने 4 मार्च को मंदिर का दौरा किया और बाबा महाकाल का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने 'भस्म आरती' में भी शामिल हुए और मंदिर के गर्भगृह में जलाभिषेक किया। इससे पहले अक्षर पटेल और उनकी पत्नी ने पिछले महीने मंदिर जाकर बाबा महाकाल की पूजा की थी। वहीं, केएल राहुल और बॉलीवुड अभिनेत्री अथिया शेट्टी ने भी मंदिर जाकर बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया।



# मुंबई इंडियंस को 9 विकेट से धूल चटाकर टॉप पर पहुंची दिल्ली कैपिटल्स फाइनल की ओर बढ़ाया मजबूत कदम



**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए मैच में दिल्ली टीम को 9 विकेट से शानदार जीत मिली। इस मैच में जीत हासिल कर दिल्ली टीम ने फाइनल के लिए एक मजबूत कदम बढ़ाया है। मैच में दिल्ली कप्तान मेग लैनिंग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के साथ 109 रन ही बना सकी। इसके जवाब में उतरी दिल्ली टीम ने महज 9 ओवर में ही लक्ष्य हासिल करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने आई हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली मुंबई इंडियंस की तरफ से पूजा वस्त्राकर (26) रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज ज्यादा रन नहीं बना सका। कप्तान हरमनप्रीत कौर 23 रन, इस्सी वोंग 23 और अमनजोत कौर महज 19 रन बनाकर आउट हुई। नताली सीवर ब्रंट भी बिना खाता खोले ही पवेलियन लौटी। वहीं, दिल्ली टीम की तरफ से शिखा पांडे और जेस जोनासेन ने 2-2 विकेट हासिल किए। मरिजान कैप ने 4 ओवर में 13 रन देकर 2 विकेट चटकाए। जबकि अरुंधति रेड्डी ने एक विकेट अपने नाम किया। इसके बाद 110 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स टीम की सलामी जोड़ी मेग लेनिंग और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की और 56 रन बनाए। शेफाली ने 15 गेंदों का सामना करते हुए 33 रन बनाए। मेग लेनिंग ने 32 रनों की पारी खेली। इन दोनों बल्लेबाजों के बाद एलिस कैप्सी ने टीम की पारी को संभाला और ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 17 गेंदों में 5 छक्कों और एक चौके की बदौलत 38 रन बनाए। इस तरह दिल्ली टीम ने 9 ओवर में 9 विकेट के साथ शानदार जीत दर्ज की। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गई है। दिल्ली टीम ने अब तक कुल 7 मैच खेलते हुए 5 मैच जीते है और 2 मैचों में हार का सामना किया है। दिल्ली टीम 10 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, मुंबई इंडियंस इस हार के बाद 10 अंक के साथ दूसरे पायदान पर मौजूद है। तीसरे स्थान पर यूपी वॉरियर्स 8 अंक के साथ मौजूद है।

# यूपी वॉरियर्स ने क्वालीफाई करके इन टीमों का काटा पत्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन के प्लेऑफ की तस्वीर साफ हो गई है। 20 मार्च को गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स के बीच खेले गए मुकाबले में यूपी टीम ने 3 विकेट से मैच जीतकर प्लेऑफ में अपनी जगह बना ली है। इस मैच में यूपी टीम की जीत के बाद गुजरात और आरसीबी टीम का ॅच्स् का सफर खत्म हो चुका है। ऐसे में इस आर्टिकल के जरिए जानते हैं महिला प्रीमियर लीग के पहले संस्करण में प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीम और प्लेऑफ के शेड्यूल के बारे में विस्तार से। दरअसल, महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन के प्लेऑफ के लिए यूपी वॉरियर्स, दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस ने क्वालीफाई कर लिया है। बता दें कि 20 मार्च को यूपी ने गुजरात जायंट्स के खिलाफ ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेले गए 17वें मैच में एक गेंद रहते 3 विकेट से जीत दर्ज की। पहले से ही 6 प्वाइंट्स के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर मौजूद यूपी को आखिरी 2 मैच में सिर्फ एक जीत की जरूरत थी, जबकि गुजरात के लिए अपने आखिरी मैच को काफी बड़े अंतर से जीतना था, लेकिन, गुजरात की टीम ऐसा करने में नाकाम रही। इसके साथ ही आरसीबी और गुजरात का ॅच्स् का सफर खत्म हो गया। बता दें कि आरसीबी टीम ने महिला आईपीएल के पहले सीजन में लगातार 5 मैच गंवाए थे, लेकिन इसके बाद 2 मैचों में जीत हासिल की। 1. मुंबई इंडियंस- 6 मैच- 5 जीत- 1 हार-10 अंक-नेट रनरेट- 2.670 2. दिल्ली कैपिटल्स- 6 मैच- 4 जीत-2 हार-8 अंक-नेट रनरेट - 1.431 3.यूपी वॉरियर्स-7 मैच-4 जीत- 3 हार- 8अंक- नेट रनरेट- (-0.063) 4. रॉयल चैंलेंजर्स बैंगलोर- 7 मैच-2 जीत-5 हार-4 अंक-(-1.044) 5. गुजरात जायंट्स-8 मैच-2 जीत-6 हार-4 अंक-( -2.220)1. 24 मार्च- एलिमिनेटर मैच- 7:30 बजे-डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई 2. 26 मार्च- फाइनल मुकाबला- 7:30 बजे- ब्रेबोर्न स्टेडियम अगर बात करें महिला प्रीमियर लीग के फॉर्मेट की तो बता दें कि पहले सीजन में 5 टीमों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। ऐसे में लीग स्टेज के बाद जो टीम प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर रहेगी।



# 30 लाख में बिकी भारतीय खिलाड़ी ने बल्ले से मचाया कोहराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** गुजरात जायंट्स और यूपी वॉरियर्स के बीच महिला प्रीमियर लीग का 17वां मैच मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में खेला जा रहा है। गुजरात जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 178 रन बनाए। गुजरात की पारी में भारतीय महिला खिलाड़ी दयालन हेमलता चमकी। 30 लाख रुपये में बिकी दयालन हेमलता ने यूपी वॉरियर्स के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए शानदार अर्धशतक जमाया।

# सचिन तेंदुलकर ने वीरेंद्र सहवाग को बल्ले से मारा था, सिर्फ इस बात पर झल्ला गए थे मास्टर ब्लाटर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक ओपनर वीरेंद्र सहवाग का एक इंटरव्यू इन दिनों चर्चा में बना हुआ है। सहवाग ने इस इंटरव्यू में कई मजेदार खुलासे किए हैं। वीरू ने यूट्यूब पर द रणवीर शो में महान बल?लेबाज सचिन तेंदुलकर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। सहवाग ने 2011 वर्ल्ड कप की एक घटना बताई जब सचिन तेंदुलकर ने उन्हें बल्ले से मारा था। ऐसा इसलिए क्योंकि वीरेंद्र सहवाग अपने गाने गुनगुनाने में व्यस्त थे और सचिन तेंदुलकर से बातचीत नहीं कर रहे थे। यह तो फैंस अच्छी तरह जानते हैं कि वीरेंद्र सहवाग को बल्लेबाजी करते समय गीत गुनगुनाना कितना पसंद था। वो ऐसा इसलिए करते थे ताकि बुरे ख्याल मन में नहीं आएं। वीरू की इस आदत से टीम के साथी भी अच्छी तरह वाकिफ थे, लेकिन एक ऐसा पल आया जब सचिन तेंदुलकर उनसे नाराज हो गए थे। सहवाग ने कहा, 'हर किसी का आराम करने और ध्यान लगाने का तरीका अलग होता है। हमें इसे ढूंढना होता है। सचिन तेंदुलकर संभवतः बल्लेबाजी करते हुए गा नहीं सकते थे। उन्हें बातें करना पसंद था।' वीरू ने आगे कहा, '2011 वर्ल्ड कप की बात है। हम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेल रहे थे। मैं अच्छे मूड में था और गाने गा रहा था क्योंकि रन आ रहे थे। हमने 5 ओवर में कुल 50-60 रन बना दिए थे। जब हम ओवर के अंत में मिले तो बस ग्लव्स पंच करके अपना गाने लगता था। मैं गा रहा था- चला जाता हूं किसी की धुन में।' सहवाग ने कहा, 'सचिन तेंदुलकर ओवर के बाद बातचीत करना चाहता थे। उन्होंने पहले ओवर और दूसरे ओवर में इंतजार किया। तीसरे ओवर के बाद उन्होंने मुझे बल्ला मार दिया फटाक आवाज आई। मैं हैरान रह गया। उन्होंने कहा, 'मुझसे बात कर।' मैंने तेंदुलकर ने कहा कि मैं अच्छे मूड में हूं, गाने गा रहा हूं तो चौके आ रहे हैं। मैं बात नहीं करना चाहता हूं। आप बस कह रहे हैं शाबाश शाबाश। उन्हें बात करना पसंद है। वीरेंद्र सहवाग ने साथ ही तेंदुलकर के ज्ञान के बारे में बातचीत की और कहा कि इसकी तुलना किसी से नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा, 'क्रिकेट के बारे में तेंदुलकर का ज्ञान कुछ अलग है। वो कहते थे कि गेंदबाज अब फुल लेंथ की गेंद डालेगा, जो तेरे पैड पर लगेगी। मैं कहता था- अरे आप क्या बोल रहे हो अगली गेंद जैसा उन्होंने बताया था, वैसे ही आई।वीरू ने कहा, 'भाग्य की बात रही कि मेरा बल्ला बीच में आ गया। उन्हें पता है कि गेंदबाज क्या सोच रहा है वो सोचता है कि अगर सहवाग को गेंदबाजी की तो कैसी गेंद डालनी है। तेंदुलकर ने कहा देखना बाउंसर आ रही है, ध्यान से। इतना अनुभव, क्रिकेट के प्रति ज्ञान उन्हें सबसे अलग बनाता है।



# आईपीएल 2023 से पहले के के आर के इस गेंदबाज ने उड़ाई बल्लेबाजों की नींद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**इंडियन प्रीमियर लीग (घ्ड्ड् 2023) के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च से होने जा रहा है। लीग की शुरुआत से पहले ही कोलकाता नाइट राइडर्स के स्पिन गेंदबाज सुनील नरेन ने बल्लेबाजों के मन में खौफ पैदा कर दिया है। दरअसल, कैरेबियाई स्पिनर ने लोकल टूर्नामेंट में ऐसा स्पैल फेंका है, जिसके नंबर्स देखकर बड़े से बड़े बल्लेबाज अपना सिर पकड़ लेंगे। इसके साथ ही अगर आप क्रिकेट के फैन हैं, तो आपको अपनी आंखों पर यकीन नहीं होगा। दरअसल, क्वीन्स पार्क क्रिकेट क्लब की ओर से खेलते हुए सुनील नरेन (एल्हग्त् ँहा) ने सात ओवर के स्पैल में विपक्षी टीम का काम तमाम कर दिया। कैरेबियाई बॉलर ने सात ओवर के स्पैल में एक भी रन नहीं खर्च किया और उनके इस कमाल की वजह से विरोधी टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 76 रन पर सिमट गई। सुनील की शानदार फॉर्म के बाद उनकी खूब तारीफ की जा रही है। इस मैच में उनके अलावा शॉन हैकलेट ने 18 रन देकर 2 विकेट हासिल किए।

# राशिफल





**मेष-:** आज का दिन आपके लिए धन धान्य में वृद्धि लेकर आएगा. आपकी किसी मित्र के घर धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते है।

**वृष-:** आज का दिन व्यक्तिगत संबंधों में मजबूती लेकर आएगा. आपके अंदर कुछ एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने संसाधनों के कामों पर भी ध्यान देंगे।

**मिथुन-:** आज का दिन आपके लिए वाणी व व्यवहार में मधुरता बनाए रखें, तभी आप कार्य क्षेत्र में लोगों से आसानी से काम निकाल पाएंगे।

**कर्क-:** आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है. आपकी करियर में कच्ची विरोध हो सकती है और आपको उन्नति करने का भी मौका मिलेगा।

**सिंह-:** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा. आपको अपने अनुभव का पूरा लाभ मिलेगा और प्रशासन के कार्य में आप तेजी बनाए रखें।

**कन्या-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपकी आध्यात्मिक विषयों के प्रति रुचि बढ़ेगी और आप कुछ धार्मिक गतिविधियों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**तुला-:** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से उत्तम रहने वाला है. आपका मान सम्मान बढ़ेगा और आप कुछ कामों में निसंकोच आगे बढ़ेंगे, जो आपके लिए समस्या दे सकते हैं।

**वृश्चिक-:** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है. आपको एक से अधिक स्त्रोतों से लाभ लाभ मिल सकता है और साझेदारी में काम करके आप अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**धनु-:** आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन यदि आपने किसी पर आंख मूंदकर भरोसा किया, तो वह आपको नुकसान दे सकता है।

**मकर-:** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा. कार्यक्षेत्र में आपके कुछ शत्रु आपके ऊपर हावी होने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ-:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। घर परिवार में आपकी सहजता बढ़ेगी. आपकी आज कोई मूल्यवान वस्तु चोरी हो सकती है, जिसके लिए आप सावधानी बरत।

**मीन-:** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा. आप सबको साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे और कोई कानूनी मामला आज आपके लिए समस्या बन सकता हैं।





# सम्पादकीय

## महिला सशक्तीकरण की गाथा बराबरी की भागीदारी से अधिक खुशहाल होगी हमारी दुनिया

गत वर्ष संविधान दिवस के अवसर पर मैं उच्चतम न्यायालय द्वारा आयोजित समारोह में समापन भाषण दे रही थी। न्याय के बारे में बात करते हुए मुझे अंडर-ट्रायल कैदियों का खयाल आया और उनकी दशा के बारे में बोलने से मैं स्वयं को रोक नहीं पाई। मैंने अपने दिल की बात कही और उसका प्रभाव भी पड़ा। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैं आपसे उसी तरह कुछ विचार साझा करना चाहती हूं, जो सीधे मेरे दिल की गहराइयों से निकले हैं। मैं बचपन से ही समाज में महिलाओं की स्थिति को लेकर व्याकुल रही हूं। एक ओर तो किसी बच्ची को ढेर सारा प्यार-दुलार मिलता है और शुभ अवसरों पर उसकी पूजा भी की जाती है। वहीं दूसरी ओर उसे जल्द ही यह आभास हो जाता है कि हमउम्र लड़कों की तुलना में उसके जीवन में अवसर एवं संभावनाएं कम हैं। महिलाओं को उनकी सहज बुद्धिमत्ता के लिए आदर मिलता है। पूरे कुटुंब में सबका ध्यान रखने वाली, परिवार की धुरी के रूप में उनकी सराहना की जाती है तो दूसरी ओर परिवार से जुड़े और यहां तक कि उनके ही जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णयों में उनकी कोई भूमिका नहीं होती और यदि होती भी है तो अत्यंत सीमित। एक छात्रा, अध्यापिका और बाद में एक समाज सेविका के रूप में घर के बाहर के परिवेश में ऐसे विरोधाभासी रवैये ने मुझे स्वयं हैरान किया। अक्सर मैंने यही महसूस किया है कि हममें से अधिकांश लोग व्यक्तिगत स्तर पर तो पुरुषों और महिलाओं की समानता को स्वीकार करते हैं, लेकिन सामूहिक स्तर पर वही लोग आधी आबादी को सीमाओं में बांधना चाहते हैं। यद्यपि मैंने अधिकांश व्यक्तियों को समानता की प्रगतिशील अवधारणा की ओर बढ़ते देखा है, किंतु सामाजिक स्तर पर पुराने रीति-रिवाज और परंपराएं पुरानी आदतों की तरह हमारा पीछा नहीं छोड़ रही हैं। विश्व की सभी महिलाओं की यही व्यथा-कथा है। महिलाएं अपना जीवन बाधाओं के बीच ही शुरू करती हैं। 21वीं सदी में जब हमने हर क्षेत्र में कल्पनातीत प्रगति कर ली है, तब भी कई देशों में कोई महिला राष्ट्राध्यक्ष नहीं बन सकी है। इससे भी दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि दुनिया के तमाम हिस्सों में आज भी महिलाओं को दोयम दर्जे का माना जाता है। यहां तक कि स्कूल जाना भी किसी लड़की के लिए जिंदगी और मौत का सवाल बन जाता है। हालांकि, सदैव ऐसी स्थिति नहीं रही। भारत में ही ऐसे कालखंड भी रहे, जब महिलाएं निर्णय लिया करती थीं। हमारे शास्त्रों और इतिहास में ऐसी महिलाओं का उल्लेख मिलता है जो अपने शौर्य, विद्वत्ता और प्रभावी प्रशासन के लिए जानी जाती थीं। आज भी अनगिनत महिलाएं अपनी पसंद के क्षेत्रों में कार्य करके राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रही हैं। अंतर केवल इतना है कि उन्हें एक साथ दो स्तरों पर अपनी योग्यता तथा उत्कृष्टता सिद्ध करनी पड़ती है- अपने कार्यक्षेत्र में भी और घरों में। फिर भी वे शिकायत नहीं करतीं, लेकिन समाज से केवल इतनी आशा जरूर करती हैं कि वह उन पर भरोसा करे। इधर एक विचित्र स्थिति भी उत्पन्न हुई है। हमारे यहां जमीनी स्तर पर निर्णय लेने वाली संस्थाओं में महिलाओं का अच्छा प्रतिनिधित्व है, लेकिन जैसे-जैसे हम ऊपर की ओर बढ़ते हैं तो महिलाओं की संख्या घटती जाती है। यह तथ्य राजनीतिक संस्थाओं के संदर्भ में भी उतना ही सच है जितना नौकरशाही, न्यायपालिका और कारपोरेट जगत के लिए। जिन राज्यों में साक्षरता दर बेहतर है, वहां भी यही स्थिति दिखती है। स्पष्ट है कि केवल शिक्षा द्वारा ही महिलाओं की आर्थिक और राजनीतिक आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि समाज में व्याप्त मानसिकता को बदलने की जरूरत है। एक शांतिपूर्ण और समृद्ध समाज निर्माण के लिए महिला-पुरुष असमानता पर आधारित जड़वत पूर्वाग्रहों को समझना तथा उनसे मुक्त होना जरूरी है। सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देने के लिए सुविचारित प्रयास किए गए हैं, परंतु ये प्रयास महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की दिशा में पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। जैसे शिक्षा प्राप्त करने तथा नौकरियां हासिल करने में महिलाएं पुरुषों की तुलना में बहुत पीछे रहती हैं। उनके इस पिछड़ेपन का कारण सामाजिक रूढ़ियां हैं न कि कोई साजिश। तमाम दीक्षा समारोहों में शामिल होने का मेरा अनुभव यही बताता है कि यदि महिलाओं को अवसर मिले तो वे शिक्षा में पुरुषों से प्रायः आगे निकल जाती हैं। भारतीय महिलाओं तथा हमारे समाज की इसी अदम्य भावना के बल पर मुझे विश्वास होता है कि भारत महिला-पुरुष के बीच न्याय के मार्ग पर विश्व समुदाय का पथ-प्रदर्शक बनेगा। ऐसा कतई नहीं है कि पुरुषों ने आधी आबादी को पीछे रखकर कोई बढ़त हासिल की है। सच यही है कि यह असंतुलन मानवता को हानि पहुंचा रहा है।

# नौका पर सवार होकर आ रही मां दुर्गा आपके द्वार

पंडित सुधांशु तिवारी

चैत्र मास में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से वासंतिक या चैत्र नवरात्रि आरंभ हो जाती है. इस बार चैत्र नवरात्रि 22 मार्च 2023 से 30 मार्च 2023 तक चलेंगे. दुर्गा पूजा और घट स्थापना (कलश स्थापना) का शुभ मुहूर्त, पूजन विधि, महत्व क्या है?नवरात्रि का हिंदू धर्म में काफी महत्व है. नवरात्रि में मां दुर्गा के 9 स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है. सालभर में कुल 4 नवरात्रि आती हैं जिसमें चैत्र और शारदीय नवरात्रि का महत्व काफी ज्यादा होता है. माना जाता है कि नवरात्रि में माता की पूजा-अर्चना करने से देवी दुर्गा की खास कृपा होती है. इस बार चैत्र नवरात्रि 22 मार्च 2023, बुधवार से शुरू हो रही हैं. मां दुर्गा की सवारी वैसे तो शेर है लेकिन जब वह धरती पर आती हैं तो उनकी सवारी बदल जाती है. इस बार मां दुर्गा नौका यानी नाव पर सवार होकर धरती पर आएंगी. तो आइए चैत्र नवरात्रि घट स्थापना, पूजा का शुभ मुहूर्त और पूजन विधि भी जान लेते हैं. नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के 9 अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है. इस बार चैत्र नवरात्रि 22 मार्च से शुरू हो रहे हैं और इनका समापन 30 मार्च को होगा. साथ ही इस बार चैत्र नवरात्रि पर 110 साल बाद दुर्लभ संयोग का निर्माण भी होने जा रहा है. वहीं, मां दुर्गा इस बार नौका पर सवार होकर आएंगी.

नवरात्रि शुभ मुहूर्त ज्योतिषाचार्य पंडित सुधांशु तिवारी जी के मुताबिक, प्रतिपदा तिथि 21 मार्च रात में 11 बजकर 4 मिनट पर लग जाएगी इसलिए 22 मार्च को सूर्योदय के साथ नवरात्रि की शुरुआत कलश स्थापना के साथ होगी.

इस वर्ष मां का आगमन नौका पर है, जिसे सुख-समृद्धि कारक कहा जाता है. पूरे 9 दिनों के नवरात्र में मां के 9 स्वरूपों की पूजा होगी. उन्होंने नवरात्र के संयोग के बारे में बताया कि चार ग्रहों का परिवर्तन नवरात्र पर देखने को मिलेगा. यह संयोग 110 वर्षों के बाद मिल रहा है. इस बार नव संवत्सर लग रहा है. माना जाता है कि इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने पृथ्वी की रचना की थी. इसलिए यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है.

चैत्र नवरात्रि घट स्थापना का शुभ मुहूर्त

चैत्र नवरात्रि 22 मार्च 2023 से शुरू होकर 30 मार्च तक चलेंगे. घटस्थापना नवरात्रि के दौरान महत्वपूर्ण अनुष्ठानों में से एक है. यह नौ दिनों के उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है. शास्त्रों में नवरात्रि की शुरुआत में एक निश्चित अवधि के दौरान घटस्थापना करने के लिए अच्छी तरह से परिभाषित नियम और दिशानिर्देश हैं. घटस्थापना देवी शक्ति का आवाहन है और इसे गलत समय पर करने से देवी शक्ति का प्रकोप हो सकता है. नवरात्रि में घट या कलश स्थापना को मुहूर्त के मुताबिक करना चाहिए. चैत्र नवरात्रि में घट स्थापना प्रतिपदा तिथि को आती है और इसका मुहूर्त द्वि-स्वभाव मीणा लग्न के दौरान आता है. घटस्थापना करने के लिए सबसे शुभ या शुभ समय दिन का पहला एक तिहाई है जबकि प्रतिपदा प्रचलित है. यदि किन्हीं कारणों से यह समय उपलब्ध नहीं है तो अभिजित मुहूर्त में घटस्थापना की जा सकती है. घटस्थापना के दौरान नक्षत्र चित्रा और वैधृति योग से बचने की सलाह दी जाती है लेकिन यह निषिद्ध नहीं है.घट स्थापना मुहूर्त शुभ मुहूर्त- 06:23 श् से 07:32 श् तक

अवधि - 01 घंटा 09 मिनिट

प्रतिपदा तिथि प्रारंभ - 21 मार्च 2023 को रात्रि 10:52 बजे

प्रतिपदा तिथि समाप्त - 22 मार्च 2023 को रात्रि 08:20 बजे

मीणा लग्न प्रारम्भ - 22 मार्च 2023 को 06:23 पूर्वाह्न

मीणा लग्न समाप्त - 22 मार्च 2023 को 07:32 श्

2023 चैत्र नवरात्रि घट स्थापना की विधि

कलश को भगवान विष्णु का रूप माना जाता है. देवी दुर्गा की पूजा से पहले कलश की पूजा की जाती है. पूजा स्थल पर कलश की स्थापना करने से पहले उस जगह को गंगाजल से साफ किया जाता है फिर सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया जाता है.

आश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर सवेरे-सवेरे जल्दी स्नान करके पूजा और व्रत का संकल्प लें. इसके बाद पूजा स्थल की सजावट करें और चौकी रखें जहां पर कलश में जल भरकर रखें. फिर कलश पर कलावा लपेटें. इसके बाद कलश के मुख पर आम या अशोक के पत्त लगाएं. इसके बाद नारियल को लाल चुनरी में लपटेकर कलश पर रख दें. इसके बाद धूप, दीप जलाकर मां दुर्गा का आवाहन करें और शास्त्रों के मुताबिक मां दुर्गा की पूजा-उपासना करें.

कलश स्थापना के बाद, गणेश जी और मां दुर्गा की आरती करते है जिसके बाद नौ दिनों का व्रत शुरू हो जाता है.

मां दुर्गा के किस स्वरूप की किस दिन होगी पूजा?1- नवरात्रि पहला दिन 22 मार्च 2023 दिन बुधवारः मां शैलपुत्री पूजा (घटस्थापना)

2- नवरात्रि दूसरा दिन 23 मार्च 2023 दिन गुरुवारः मां ब्रह्मचारिणी पूजा

3- नवरात्रि तीसरा दिन 24 मार्च 2023 दिन शुक्रवारः मां चंद्रघंटा पूजा

4- नवरात्रि चौथा दिन 25 मार्च 2023 दिन शनिवारः मां कुष्मांडा पूजा 5- नवरात्रि पांचवां दिन 26 मार्च 2023 दिन रविवारः मां स्कंदमाता पूजा

6- नवरात्रि छठवां दिन 27 मार्च 2023 दिन सोमवारः मां कात्यायनी पूजा

7- नवरात्रि सातवं दिन 28 मार्च 2023 दिन मंगलवारः मां कालरात्रि पूजा

8- नवरात्रि आठवां दिन 29 मार्च 2023 दिन बुधवारः मां महागौरी

9- नवरात्रि 9वां दिन 30 मार्च 2023 दिन गुरुवारः मां सिद्धिदात्री कलश स्थापना की सामग्री नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना की जाती है. माना जाता है कि इस कलश में 33 कोटि देवी देवता होते हैं. कलश स्थापना के लिए थोड़ी सी मिट्टी, मिट्टी का घड़ा, मिट्टी का ढक्कन, कलावा, नारियल, गंगाजल, लाल रंग का कपड़ा, एक मिट्टी का दीपक, अक्षत, हल्दी-तिलक, पान के पत्ते, जौ, फूल-माला, भोग के लिए फल और मिठाई, रंगोली के लिए आटा, मिट्टी की कटोरी के ऊपर रखने के लिए चावल या गेहूं. मां दुर्गा की प्रतिमा या तस्वीर, चौकी, चौकी पर बिछाने के लिए लाल या पीला कपड़ा, लाला चुनरी, पाठ के लिए दुर्गासप्तशती पुस्तक, दुर्गा चालीसा. नवरात्रि की आवश्यक सामग्री माता रानी की सामग्री नवरात्रि के मौके पर नवदुर्गा का श्रृंगार किया जाता है. पूजा के लिए मां दुर्गा की तस्वीर या प्रतिमा ली जा सकती है. इसके साथ कुमकुम या बिंदी, सिंदूर, काजल, मेहंदी, गजरा, लाल रंग का जोड़ा, मांग टीका, नथ, कान के झुमके, मंगल सूत्र, बाजूबंद, चूड़ियां, कमरबंद, बिछुआ, पायल आदि. चैत्र नवरात्रि पूजन विधि कलश स्थापना की विधि शुरू करने से पहले सूर्योदय से पहले उठें और स्नान करके साफ कपड़े पहनें. उसके बाद एक साफ स्थान पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर माता रानी की प्रतिमा स्थापित करें. इस कपड़े पर थोड़े चावल रखें. एक मिट्टी के पात्र में जौ बो दें. इस पात्र पर जल से भरा हुआ कलश स्थापित करें. कलश पर स्वास्तिक बनाकर इसपर कलावा बांधें.

कलश में साबुत सुपारी, सिक्का और अक्षत डालकर अशोक के पत्ते रखें. एक नारियल लें और उस पर चुनरी लपेटकर कलावा से बांधें. इस नारियल को कलश के ऊपर पर रखते हुए देवी दुर्गा का आवाहन करें. इसके बाद दीप आदि जलाकर कलश की पूजा करें. नवरात्रि में देवी की पूजा के लिए सोना, चांदी, तांबा, पीतल या मिट्टी का कलश स्थापित किया जाता है




# अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों का सेमिनार हुआ संपन्न

दिन सोमवार को रूरल हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी एवं संयुक्त चिकित्सा मित्र मोर्चा के तत्वावधान में अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों का सेमिनार एवं होली मिलन समारोह रामलीला मैदान राबर्ट्सगंज में संपन्न हुआ जिसमें चिकित्सकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिल बधाई देने का काम किया ।

सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ0 के0 एन0 पांडेय निदेशक मैक्सवेल हॉस्पिटल वाराणसी ने कहा कि जब पूरा देश कोरोना जैसी महामारी से जूझ रहा था उस समय यही अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक लोगों के भगवान साबित हुए थे अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक अपनी जान की परवाह न करते हुए लोगों की जान बचाई बदले में तमाम चिकित्सकों ने अपनी जान गवा बैठे इसलिए सरकार से मांग है कि अनुभव के आधार पर चिकित्सा कार्य कर रहे चिकित्सकों को कोरोना योद्धा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए 06 माह से 01 वर्ष का प्रशिक्षण देकर प्राथमिक उपचार करने के लिए अनुमति प्रदान करें ।

विशिष्ट अतिथि डॉक्टर डॉक्टर लोकपति सिंह , डॉक्टर राजकुमार आजाद , पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एव पंचशील हॉस्पिटल राबर्ट्सगंज के प्रबंधक पवित कुमार मौर्य ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी सरकार आबादी के अनुपात में चिकित्सक नहीं बना पाई परंतु अनुभवी ग्रामीण चिकित्सको का जांच के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है यदि अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक चिकित्सा कार्य करना बंद कर दे तो सरकार की व्यवस्था 24 घंटे में फेल साबित हो जाएगी व पूरी स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा जाएगी इसलिए अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों का उत्पीड़न तत्काल बंद करते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार करने की छूट दी जाए जो जनहित में होगा ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रूरल हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर ओ0 पी0 सिंह मौर्य एव प्रदेश महासचिव डॉ0 बी0 आर0 मौर्य ने अनुभवी ग्रामीण चिकित्सको के लिए आर0 एम0 पी0 को मान्यता दिए जाने , अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों को चिकित्सा क्षेत्र में रोजगार दिए जाने , अनुभवी ग्रामीण चिकित्सकों को 15 सौ की आबादी पर एक चिकित्सा मित्र बनाए जाने , वैद्य विशारद एवं आयुर्वेद रत्न को मान्यता दिए जाने , इलेक्ट्रो होम्योपैथ पद्धति को मान्यता दिए जाने की मांग किया व कहा कि यदि सरकार ऐसा कार्य करती है तो प्रदेश में लाखों लोगों को रोजगार मिल जाएगा आगे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि सरकार द्वारा उत्पीड़न तत्काल बंद नहीं हुआ तो अनुभवी ग्रामीण चिकित्सक जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार की होगी । सेमिनार को डॉ0 अखिलेश पटेल , ड़ा0 भूपेंद्र कुमार पाठक , डॉ0 पी0 के0 सिंह , डॉ0 पी0 के0 प्रजापति , डॉ0 पी0 के0 विश्वास , डॉक्टर संजय कुमार सिंह , डॉ0 आर0 एन0 भारती , डॉ0 हीरालाल , डॉ0 वीरेंद्र चक्रवर्ती , अनिल सिंह मौर्य , डॉ0 राजेन्द्र सिंह पटेल , डॉ0 दिनेश , ने भी संबोधित किया ।

सेमिनार में हरिहर सिंह चौहान डॉ0 एम0 पी0 यादव , डॉ0 अनिल विश्वकर्मा , चौधरी यशवंत सिंह , डॉ0 जगदीश सिंह , डॉ0 रामअशीष सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ ओ0 पी0 सिंह मौर्य एवं संचालन जिला अध्यक्ष डॉ0 आर0 ए0 चौहान ने किया ।

# पुरानी पेंशन बहाली

संयुक्त मंच (एनजेसीए) के आवाहन पर दिनांक 21 मार्च 2023 को केंद्रीय, राज्य कर्मचारी, शिक्षक, पेंशनर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए पुरानी पेंशन बहाली हेतु माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित व माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को पृष्ठआंकित जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से भेजा जाएगा ज्ञापन! आज दिनांक 20 मार्च 2023 को पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच (एनजेसीए) प्रयागराज द्वारा दिनांक 21 मार्च 2023 को प्रस्तावित पुरानी पेंशन बहाली हेतु जनपद के विभिन्न विभाग के कार्यालयों में चलकर जन जागरण किया गया जन जागरण करने वालों में प्रमुख रूप से संयोजक आरडी यादव सहसंयोजक इं वीके पांडे राग विराग विनोद कुमार पांडे ,डीएस यादव, एके सिंह,शुभम त्रिपाठी, शहीद अहमद ,श्याम सूरत पांडे ,ओपी सिंह ,क्रमसह श्रम विभाग, गवर्नमेंट प्रेस ,शिक्षा निदेशालय ,माध्यमिक शिक्षा परिषद ,पीडब्ल्यूडी, चकबंदी विभाग ,जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय ,विकास भवन के सभी विभागों आदि विभागों में संपर्क करके कल पत्थर गिरजाघर सिविल लाइन धरना स्थल पर अधिक से अधिक संघ के सदस्यों को सहभागिता करने की अपील की गई है अंत में नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन प्रयागराज के संग भवन पर मंच के संयोजक आरडी यादव जी की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसका संचालन मंच के सचिव विनोद कुमार पांडे ने किया दिनांक 21/3 2023 के धरने की तैयारी की समीक्षा की गई बैठक को संबोधित करने वालों में सहसंयोजक राग विराग इं वीके पांडे सौरभ गुप्ता ,जितेंद्र चतुर्वेदी, प्रदीप सिंह ,ध्रुव नारायण ,विवेक वर्मा ,राजकुमार सागर, मोहम्मद नईम, राजेश ,लक्ष्मण प्रसाद ,दिलीप सिंह ,अरुण पांडे ,अजय राजू, संजय ,अबू नईम, ओपी सिंह ,इंजीनियर सुरेंद्र प्रजापति ,इंजीनियर मनोज श्रीवास्तव रमेश मणि, विजय किशोर ,शहीद अहमद ,अर्चना सिंह ,इंजीनियर हौसला मिश्रा ,राहुल, अवनीश पांडे ,रामकृष्ण मिश्र ,राम सिंह ,अमरनाथ मिश्र ,शुभम त्रिपाठी,दयाशंकर तेज बहादुर ,उमेश शुक्ला, नारायण प्रसाद राकेश सिंहआदि ने आंदोलन को सफल बनाने की अपील की। अंत में जनपद प्रयागराज के सभी सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के संपादकगड को कल के धरना प्रदर्शन में अपने-अपने छायाकार भेजने की अपील की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### नोएडा हॉट में रोजगार सृजन केंद्र की हुई स्थापना

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** लघु उद्योग भारती द्वारा नोएडा हॉट में रोजगार सृजन केंद्र की स्थापना की गई एक और जहां हमारे युवा वर्ग के लिए रोजगार एक बहुत बड़ी समस्या है वही सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए तकनीकी और प्रबंधन के अनुकूल कुशल कामगारों का न मिलना भी उद्योगों की उन्नति में बाधक है इस समस्या के समाधान और स्वरोजगार के लिए युवाओं को प्रेरित करना तथा रोजगार सृजन की आवश्यकता के अवसर तलाशने के उद्देश्य से समान विचारधारा वाले संगठनों जिसमें अग्रणीय स्वदेशी जागरण मंच, लघु उद्योग भारती, भारतीय जनता पार्टी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, सहकार भारती, सेवा भारती, भारतीय मजदूर संघ, किसान भारती, विश्व हिंदू परिषद आदि प्रमुख हैं विभिन्न जनपदों में अलग अलग संगठनों को रोजगार सृजन केंद्र खोलने का उत्तरदायित्व दिया गया।

गौतम बुध नगर औद्योगिक नगरी होने के कारण लघु उद्योग भारती को यह दायित्व दिया गया जिसके अंतर्गत 21 मार्च को नोएडा हॉट में रोजगार सृजन केंद्र की स्थापना की गई यहां पर युवाओं को रोजगार और बैंक से ऋण संबंधी विभिन्न योजनाओं के बारे में सूचनाएं प्राप्त हो सकेंगी, उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप युवाओं को कौशल विकास और तकनीकी जानकारी भी प्राप्त कराई जाएगी ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को सामूहिक कार्य करने जैसे सिलाई ब्यूटी पार्लर इत्यादि की जानकारी भी दी जाएगी विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं के साथ मिलकर उद्यमिता विकास विषय में कार्यशाला भी की जाएंगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अनिल लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन दादू , उपाध्यक्ष रमन चावला एवं प्रदीप मेहता स्वाबलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक कुलदीप सिंह, लघु उद्योग भारती मेरठ मेरठ संभाग अध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष पवन सिंघल गौतम बुध नगर इकाई अध्यक्ष एलबी सिंह नोएडा अध्यक्ष अमित गोयल, सचिव सत्यवीर सिंह, कोषाध्यक्ष अमित सिंघल, ग्रेटर नोएडा महासचिव संजय बत्रा, उपाध्यक्ष अशोक जैन, जिला इकाई सचिव दिनेश चंदक, अशोक गोयल, अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों का सानिध्य प्राप्त हुआ।

# मैहर आगामी नवरात्रि मेला की व्यवस्था को मद्देनजर हुई बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर।** मां शारदा देवी मंदिर में आगामी नवरात्रि मेला व्यवस्था के मद्देनजर हुई बैठक में श्रद्धालुओं और सुविधाओं में खामियों एवं प्रस्तावों में अनियमितताओं को लेकर माँ शारदा देवी मंदिर समिति के के विरोध का असर ये हुआ कि समिति द्वारा रखे गए किसी भी प्रस्ताव में कोई अनुषांगिक चर्चा नही हो पाई वही श्री तारकेश्वर तिवारी ने बताया कि समिति के कर सलाहकार विजय गंगवानी ने बताया कि मेला बैठक पहले ही पुनः शासन धर्मार्थ धर्मस्व विभाग के आदेश पत्र क्रमांक 5238 दिनांक 16.10.2022 में गैर हिन्दू धर्म को मानने वाले आबिद हुसैन को समिति से हटाने के आदेश को धता बताने प्रस्ताव क्रमांक 13 रखा गया जिस पर चर्चा के दौरान आबिद को



सदस्य हुए तल्ख समिति के अध्यक्ष /कलेक्टर महोदय के समक्ष समिति में बाइलॉज की अनदेखी एवं मनमाना कार्यवाहियों का किया विरोध साथ ही समिति सदस्य ने रोपवे के पक्ष में समिति द्वारा किराया वृद्धि के निर्णय को दुसित कार्यवाही बताया और बताया कि रोपवे के अनुबंध की शर्तों के बाहर निजी कंपनी को लाभ पहुचाने लिया गया निर्णय श्रद्धालु हितों में अतिक्रमण है, समिति में होने वाले कार्यवाहियां दूषित तथा निजी लाभों के लिए लिए जाने वाले अवैद्ध निर्णयों से भरी पड़ी है, समिति के वर्तमान प्रशासक द्वारा समिति कर्मचारियो को प्रभाव में लेकर फ़र्ज़ी प्रस्तावो को अमलीजामा पहनाया जाता है जिससे मंदिर तथा श्रद्धालुओं की व्यवस्थाओं में बदयान्ति हो रही है समिति सदस्य व समिति अध्यक्ष के मध्य तीखी नोक झोंक की भी खबर, समिति सदस्य तरकेस्वर तिवारी सतना में हो चुकी है, आज केवल फॉर्मल बैठक थी, समिति सदस्य तारकेश्वर तिवारी ने बताया कि आज की बैठक में रखे गए प्रस्ताव एजेंडा में बिना प्रशासक के हस्ताक्षर युक्त दस्तावेज मीटिंग में उपस्थित सदस्यों को सौंपे गए साथ ही समिति में पूर्व में खेले गए खेल को दोहराया गया, समिति तथा प्रशासक द्वारा लगातार शासन के द्वारा निर्मित मंदिर संविधान की अनदेखी करना तथा शासन तथा माननीय उच्च न्यायालयों की अनदेखी तथा शासन के माननीय मंत्री महोदय के आदेशों की अनदेखी करना कोई नया मामला नही है पूर्व में शासन मध्यप्रदेश के आदेश की अवहेलना करते हुए समिति के आर्थिक हित के दोषी रहे शैलेन्द्र सिंह उपयंत्री को हटाने के आदेश में प्रस्ताव के माध्यम से शासन के आदेश को समिति द्वारा नकारा जा चुका है और आज की बैठक में अनुविभागीय कार्यालय सम्बद्ध करने की चर्चा हुई तथा तनख्वा का भुगतान समिति से होना तय किये जाने की चर्चा हुई जबकि आबिद को पूर्ण रूप से पद से हटाने के आदेश है तथा शासन के आदेश समिति के लिए बंधन कारी है व समिति को किसी भी कार्यवाही में शासन के आदेश में कोई भी टिका टिपणी करने या आदेश में अधिकार रहित जवाब देना या आदेश को प्रस्ताव में माध्यम से बंद करने का कोई भी अधिकार प्राप्त नही है, अन्य प्रस्तावों में समिति के कर्मचारियो के लिए रखे गए प्रस्ताव विचरण योग्य नही है, श्री तारकेश्वर तिवारी ने बताया कि किसी भी प्रकार से सदस्य को सुनना या उसके प्रस्ताव पर चर्चा करने से अध्यक्ष एवं प्रशासक बचते नजर आरहे है व मनमाना तरीके से निजी हितों के हितबद्ध मंदिर की व्यवस्था को दूषित किये हुए है।

# दीदी की रसोई ट्रस्ट की पहल पर मेडिकल कैंप का हुआ आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा, कोषाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा की पहल पर सेक्टर- 17, नोएडा पर नवरत्न फाउंडेशन के सहयोग से नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा निशुल्क फुल बॉडी मेडिकल कैम्प लगाया गया। सोशल एक्टिविस्ट गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि कैम्प में सैकड़ों गरीब जरूरतमंद लोगों ने टेस्ट कराकर कैम्प का लाभ लिया उन्होंने एनएफएल का मजदूर बस्ती में कैंप लगाने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। कैंप का संचालन नोएडा झुग्गी झोपड़ी संयुक्त पुनर्वास मंच के अध्यक्ष रमाकांत सिंह ने किया। इस अवसर पर दीदी की रसोई ट्रस्ट की अध्यक्ष रितु सिन्हा की ओर से निशुल्क भोजन वितरण भी किया गया।



# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा डेरिंग गांव के सप्ताहिक बाजार को गैरकानूनी तरीके से हटाने के प्रयास को सीटू नेताओं ने किया विफल

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** गांव डेरिन इको थर्ड ग्रेटर नोएडा पर रविवार व बुधवार शाम के वक्त लगने वाले सप्ताहिक फुटपाथी बाजार को कुछ लोगों द्वारा निजी लाभ के उद्देश्य से की गई शिकायत पर प्राधिकरण के कर्मचारियों ने बाजार को अनुचित/ गैरकानूनी तरीके आज 19 मार्च 2023 को फिर बाजार को लगने से रोक दिया। उक्त की शिकायत वेंडर्स द्वारा पथ विक्रेता कर्मचारी यूनियन संबद्ध सी.आई.टी. यू. से की गई जिस पर पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव राम स्वारथ आदि टीम ने मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप कर बाजार को फिर से सुचारू रूप से लगवाया। उन्होंने कहा कि जब तक वेंडर को व्यवस्थित नहीं कर दिया जाए तब तक वेंडर को उनके मौजूदा स्थानों से नहीं हटाया जाना चाहिए यही प्रावधान पथ विक्रेता अधिनियम 2014 के कानून में है और यही माननीय सर्वोच्च न्यायालय उच्च न्यायालय के भी आदेश हैं। इसके बावजूद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के कुछ कर्मचारी स्थानीय लोगों के प्रभाव में आकर बाजार को लगने से बार-बार रोक रहे हैं जो पूर्णता अनुचित और गैरकानूनी है और इस तरह की कार्रवाई अगर फिर हुई तो सभी वेंडर्स को साथ लेकर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा।



# देवी जी चौकी मैहर में आहूत हुई शांति समिति की बैठक

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर।** आगामी नवरात्रि मेला को मद्देनजर रखते हुए देवी जी चौकी मैहर परिसर में आज चैत्र नवरात्री मेला के मद्देनजर रखते हुए शांति क्षेत्र के सभी समुदाय के गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे मीटिंग में सर्वसम्मति से कुछ निर्देश एवं सुझाव लिए गए 22/03/23 से शुरू हो रहे



समिति मीटिंग का आयोजन चौकी प्रभारी उप. निरी. संतोष सिंह उलाड़ी की उपस्थिति में रखी गई मीटिंग में मैहर के प्रशासनिक अधिकारियों में धर्मेन्द्र मिश्रा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं लोकेश डावर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विभाग,थाना प्रभारी निरीक्षक अनिमेष द्विवेदी, समस्त चौकी स्टॉफ एवं देवी जी चैत्र नवरात्री मेला मे सभी समुदाय के लोग उपस्थित रहे एवं मिलजुलकर कर मेला को सुरक्षित तरीके से संपन्न कराया जाये निर्णय लिया गया। मीटिंग में यह भी निर्णय लिया गया कि पुरे मेला क्षेत्र मे पुलिस पेट्रोलिंग कराई जाएगी एवं मैहर के मुख्य चौराहों पर फिक्स पॉइंट भी लगाए जाएंगे। हाईवे में भी पेट्रोलिंग कराई जाएगी।

# 24 मार्च को होगा रोजगार मेले का आयोजन

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नोएडा।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी संग प्रिय आनंद ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय गौतम बुद्ध नगर तथा केंद्रीय हाई स्कूल, आई0टी0आई0, इंटरमीडिएट, डिप्लोमा एवं स्नातक की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थी, जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच है, वह अपने सभी दस्तावेजों के साथ आयोजित होने




रोजगार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में 24 मार्च को मंगलमय ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन प्लॉट नंबर 8, 9 नॉलेज पार्क 2 ग्रेटर नोएडा में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 30 प्रतिष्ठित कंपनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रकार की रिक्तियों के अनुसार वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी 24 मार्च को प्रातः 10 बजे मंगलमय ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन प्लॉट नंबर 8, 9 नॉलेज पार्क 2 ग्रेटर नोएडा में अपने शैक्षिक मूल प्रमाण प्रपत्रों के साथ उपस्थित होकर आयोजित होने वाले रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं।

# छेत्र में ओला वृष्टि व आसामयिक वर्षा प्रभावित ग्रामों का ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी ने किया दौरा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**मैहर।** कल रविवार दोपहर अचानक हुई तेज वारिश के दौरान हुई ओलावृष्टि के कारण किसानों की फ़सल चौपट हो गयी है सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण महंगाई की मार झेल रहे किसान किसानों की समस्या की प्रति संवेदनशील नहीं है. सरकार पहले से ही कृषि आदानों पर अत्यधिक जी एस टी वसूल रही है किसानों को शिवराज के राज में मँहगी खाद महगा डीजल महगी बिजली मिल रही है ऊपर से कर्ज का दबाव रहता



पर आसामयिक वर्षा एवं ओला वृष्टि क़ी दोहरी मार ने किसान को बुरी तरह झकझोर दिया है.ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा ने हिंनौता कला समेत अन्य गाँवों का दौरा किया. किसानों के खेतो मे पहुंच कर उनके नुकसान को नजदीक से महसूस किया. उन्होंने सरकार पर किसानों क़ी उपेक्षा का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री है. ऐसे में इस प्रकार की घटनाओ से किसान की हालत बद से बदतर हो जाती है. ऐसे में आवश्यक है कि नाम मात्र के ऊंट के मुंह में जीरा जैसे मुआवजे की बजाय उनके नुकसान का समुचित मूल्यांकन कर हुई क्षति के अनुपात में क्षतिपूर्ति दिलाना सुनिश्चित किया जाना चाहिए.सरकार इस विषय को गंभीरता से ले।

# शाशकीय प्राथमिक शाला मगरगहा के शिशक अपने प्राइवेट स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए डाल रहे दबाव

(आधुनिक समाचार सेवा)

**ब्यौहारा।** ब्यौहारी देशबन्धु मध्यप्रदेश के शहडोल जिले अंतर्गत व्योहारी विकास खंड के ग्राम पंचायत बुढ़वा में हनुमान मंदिर के मंदिर के बगल में एक की एन कान्वेंट स्कूल अंग्रेजी माध्यम से संचालित हैं जिसके संचालक कमलेश्वर दुवेदी जी सहायक अध्यापक के पद पर मगरदहामे पदस्थ शिक्षकको प के नाम से यह कान्वेंट स्कूल संचालित है जिसके संचालन का पूरा जिम्मा चांदी काट रहे हैं और बच्चों का भविष्य अंधकारमय है यहा तक उक्त शिक्षक अपने विद्यालय में अध्ययन रत बच्चों के अभिभावकों के ऊपर दबाव बनाया जा रहा है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं होती आप अपने बच्चे को हमारे प्राइवेट स्कूल में पढ़ाएं लेकिन गरीब आदिवासी समाज प्राइवेट स्कूल में इतनी फीस भरकर कैसे शिक्षा दिलवा सकता है हम आपको इनके विद्यालय के बारे में बताऊं कि प्राइवेट स्कूल खोलने



कमलेश्वर दुवेदी के ऊपर है उल शिक्षक प्राथमिक विद्यालय मगरदहामे पदस्थ रहकर दोहरी भूमिका निभा रहे हैं जिसकी शिकायत सरपंच सिरमतिया कोल ने प्रभारी मंत्री से शिकायत कर शिक्षक की स्थानांतरित करने की मांग की गई जिसने प्रभारी मंत्री द्वारा कलेक्टर शहडोल को उक्त शिक्षक की हटाने के लिए पत्र लिखा गया पर आज दिनांक तक प्रभारी मंत्री के आदेश का पालन नहीं हुआ और उक्त शिक्षक एक साथ स्कूलों का संचालन कर कर के लिए निर्धारित मापदंड का पालन किसी तरह से नहीं किया गया है इस विद्यालय एक बिना नंबर का बैन में तीस से चालीस बच्चों की इस दूस कर बिठाया जाता है भी बिना ड्रेस कोड के बच्चे भी बिना ड्रेस कोड के शिक्षक भी आपृशिक्षित एवं बिना इस कोड के इस ही एन कान्वेंट हाईस्कूल में न ना प्रयोगशाला है और नाही खेल का मैदान इसके बाद भी शिक्षा विभाग के अधिकारी की मिली भगत से एक शिक्षक दो दो स्कूलों में अपनी भूमिका अदा कर मोटी रकम कमा रहे हैं।

# सतना यातायात पुलिस द्वारा सघन्य जांच अभियान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**सतना।** यातायात पुलिस की बड़ी कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सतना आशुतोष गुप्ता जी के निर्देशन में उपुअ यातायात संजय खरे के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी यातायात अशोक गौतम के नेतृत्व में शहर में अवैध से संचालित बिना नम्बर के



ई-रिक्सा व बिना नम्बर, बिना परमिट के संचालित अवैध आँटो चालको, बिना नम्बर व निर्धारित मापदण्ड मे नम्बर प्लेट न लगाने वालो व ब्लैक फिल्म लगाकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको के विरुद्ध मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाकर चालानी कार्यवाही की गई तथा उन्हे समझाइस भी दी गी जिसमें बिना नम्बर के 30 वाहन समन्स शुल्क 15000रू ( ई-रिक्शा के 8नग व आटो 6नग), दोपहिया वाहन मे तीन सवारी कुल 15 चालान समन्स शुल्क 7500रू बिना परमिट के 10 आटो समन्स शुल्क 20000रू एंव चार पहिया वाहनो मे काली फिल्म को चैक करने पर वाहनो से काली फिल्म हटवाई गई काली फिल्म के कुल 6 वाहनो के विरुद्ध 3000रू समन्स शुल्क वसूल किए गए कुल समंन शुल्क 45,500/- रुपये वसूल किये गये। साथ ही साथ बिना नम्बर के ई-रिक्सा , आँटो व दो पहिया वाहनो में नम्बर प्लेट लगवाये गये, वाहन मालिको को समझाइस दी गई की भविष्य मे यातायात नियमो का पालन करे नियम विरूद्ध वाहन न चलाए एवं दौरान चेकिंग ट्रक चालक नंशे कि हालत मे पाए जाने पर चेक करने पर उक्त ट्रक चालक नंशे मे होना पाया गया साथ ही ट्रक का वजन कराने पर क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते पाये जाने पर कार्यवाही की गई एवं पुलिस पेट्रोल पम्प के सामने दौरान चैकिंग शराब पीकर मोटर सायकल चलाते पाए जाने पर वाहन चालक के विरूद्ध कार्यवही की गई उक्त दोनो कार्यवाही पर प्रकरण तैयाकर कर न्यायालय में पेश किया जाऐगा । निकट भविष्य मे भी निरंतर शहर कि ट्रैफिक व्यवस्था मे सुधार को लेकर शराब पी कर वाहन चलाने वालो, बिना परमिट वाहन चलाने वाले, बिना नम्बर, बिना हेलमेट, काली फिल्म लगाकर, दो पहिया मे तीन सवारी वाहन चालको के विरुध्द लगातार कार्यवाही की जायेगी इस लिए जिम्मेदार बने यातायात नियमो का पालन करे सावधानी से वाहन चलाए स्वयंम सुरक्षित रहे व दूसरो को भी सुरक्षित रखे ।

# स्वर्णिम विहार सेक्टर 82 में 22 मार्च से श्रीमद्भगवत कथा का भव्य आयोजन


(आधुनिक समाचार सेवा)


**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित स्वर्णिम विहार में आरडब्ल्यूए के संयोजन में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है जिसका श्रीगणेश 22 मार्च से होगा। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 22 मार्च दिन बुधवार को प्रातः 10 बजे से कलश यात्रा सेक्टर 82 स्वर्णिम विहार से धूमधाम से निकाली जाएगी । श्रीमद्भागवत कथा 22 मार्च से प्रारम्भ होगी और 28 मार्च को कथा का विश्राम होगा। सेक्टर 82 स्वर्णिम विहार पार्क लेन नंबर 2( टेनिस कोर्ट) में कथा प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से 6 बजे तक होगी। कृष्ण की नगरी वृन्दावन से पधारी विदुषी कथा व्यास डॉक्टर निधि तेलंग जी के श्रीमुख से भगवत्प्रेमी श्रोतागण अमृतमयी कथा का रसपान कर सकेंगे। कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण लीला के साथ फूलों की होली विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। राघवेंद्र दुबे ने बताया कि 28 मार्च को अपरान्ह 4 बजे से हवन एवं भंडारे के आयोजन के साथ कथा का विश्राम होगा। सभी भगवत अनुरागी श्रोतागण अमृतमयी कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करें।



# एमसी स्टैन ने एआर रहमान, अरिजीत सिंह और नेहा कक्कड़ को पछाड़ा, बिग बॉस 16 के बाद अब बनाया ये नया रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 जीतने के बाद भी रैपर एमसी स्टैन का जलवा कायम है। हाल ही में उनका उनके रैप सॉन्ग फैंस को दीवाना बना देते हैं। हमारे देश की युवा पीढ़ी उनके गानों से जुड़ी हुई है और भारत की गली से लेकर हर एमसी स्टैन की पॉपुलैरिटी को छू भी नहीं पाया है। एमसी स्टैन के आईजी लाइव ने दुनिया में टॉप 10 में जगह बनाई है, ये किसी भी





नाम भारत के सबसे पसंदीदा व्यक्तित्वों की लिस्ट में पहले स्थान पर आया है। मनोरंजन करने के मामले में स्टैन अपने प्रशंसकों को कभी निराश नहीं करते। बीबी हाउस से बाहर आने के बाद भी एमसी स्टैन अपनी अपार लोकप्रियता के सारे रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और अब लेटेस्ट रिपोर्टों के अनुसार वह सबसे पॉपुलर भारतीय संगीतकार बन गए हैं। एमसी स्टैन ने बनाया नया रिकॉर्ड एमसी स्टैन को उनके रैपिंग के अंदाज और स्टाइल के लिए जाना जाता है। कोने तक स्टैन के प्रशंसक आसानी से देखे जा सकते हैं। बिग बॉस 16 के विजेता, जिन्होंने हमारे देश में मिंबल रैप की शुरुआत की है, बहुत कम समय में देश भर के हर संगीतकार से आगे निकल गए हैं।गूगल ट्रेंड्स की हालिया रिपोर्ट्स में एमसी स्टैन को हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के बड़े से बड़े संगीतकारों से आगे निकलते हुए देखा गया है। उन्होंने जो ये मील का पत्थर हासिल किया है वो बड़े-बड़ों को नसीब नहीं हुआ। कोई भी अन्य सिंगर, संगीतकार या रैपर, बस्ती का हस्ती यानी भारतीय के लिए पहली बार है। इसके साथ ही उन्होंने गूगल ट्रेंड्स पर कई बॉलीवुड ए लिस्ट सेलेब्रिटीज को भी पीछे छोड़ दिया। रिपोर्टों से पता चलता है कि रैपर ने नेहा कक्कड़, एआर रहमान और अरिजीत सिंह को भी पीछे छोड़ दिया है। इस बीच, स्टैन भारत के दौरे पर हैं और उन्हें लाइव परफॉर्म करते देखने के लिए उनके फैंस कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। देशभर में उनके कॉन्सर्ट के टिकट देखते ही देखते बिक गए। अब फैंस इंतजार कर रहे हैं कि उनका अगला वीडियो कब आता है।

# ज्यादा रोमांच के साथ लौटा मैंडलोरियन का तीसरा सीजन, नये सफर पर निकला डिन


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** स्टार वार्स की कड़ी द मैंडलोरियन के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर बुधवार को स्ट्रीम कर क्रीचर और ग्रोगु के कारनामे सीरीज का हाइलाइट हैं।चैप्टर 17 द एपॉस्टेट शुरू होने से पहले दोनों सीजंस का रीकैप दिखाया गया है। जिन दर्शकों ने पहले दो सीजन नहीं हैं, वो इसे पहले दो सीजंस से आगे रखता है। घटनाक्रम जिस तरह से घटित हो रहे हैं, उससे एपिसोड में दर्शक की दिलचस्पी बनी रहती है। इन दृश्यों के साथ डिन का सफर



दिया गया है। पहले दो सीजंस देख चुके दर्शकों को तीसरे सीजन का बेसब्री से इंतजार था, जो अब खत्म हो गया है। पहला एपिसोड लगभग 35 मिनट का है और अपेक्षा के अनुरूप ही है। पैड्रो पास्कल की आवाज में डिन जैरीन ने कहानी का वही सिरा पकड़ा है, जो द बुक ऑफ बोबा फेट में छोड़ दिया था। सीजन के पहले एपिसोड ने सीरीज के बाकी हिस्से में आने वाले रोमांच की बुनियाद रख दी है। मैंडलोरियन की दुनिया में लड़ाइयां, अजीबोगरीब देखे हैं, उन्हें कहानी का सिरा पकड़ने में आसानी होती है। एपिसोड वन की शुरुआत में ही मैंडलोरियन को विशाल मगरमच्छ जैसे प्राणी से लड़ते हुए दिखाया जाता है। सीरीज के बाकी किरदार केटी सैकहॉफ, कार्ल वेदर्स, एमी सेडारिस, एमिली स्वैलो, जियानकारलो एस्पोसितो और बाकी के किरदार सीरीज में क्या दिलचस्प मोड़ लेकर आते हैं, इसका पता आने वाले एपिसोड्स में ही चलेगा। पहले एपिसोड में जिस रफ्तार से कहानी और घटनाक्रम आगे बढ़ते आगे बढ़ता है। बीच-बीच में ग्रोगु के हल्के-फुल्के दृश्य माहौल को मनोरंजक बना देते हैं। एक्शन दृश्य असरदार हैं और विजुअल एक्सीपीरएंस को बढ़ाते हैं। कहीं-कहीं ऐसे दृश्य भी आते हैं, जिन्हें बड़े पर्दे पर देखने की तमन्ना जागती है। इन दृश्यों को देखकर प्रोडक्शन वैल्यू का अंदाजा लगाया जा सकता है। कुल मिलाकर, शो रनर और हेड राइटर जोन फेब्रो और डेव फिलोनी रचित मैंडलोरियन सीजन 3 का पहला एपिसोड बांधकर रखता है।

# इस दिन लौटेंगे रूह बाबा, कार्तिक आर्यन ने भूल भुलैया 3 की अनाउंस


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भूल भुलैया 2 कार्तिक आर्यन की बेहतरीन फिल्मों में से एक है। इसके अगले पार्ट का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है। अपने फैंस के इस इंतजार को कार्तिक नजर आ रहे हैं, 'क्या लगा? कहानी खत्म हो गई? दरवाजे तो बंद होते हैं ताकी एक बार फिर से खुल सकें। मैं आत्माओं से सिर्फ बात नहीं करता, आत्माएं मेरे अंदर आ भी जाती हैं।' इसके बाद डरावनी हंसी के बाद ये दिया, फाइनलीँ 3 की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो गई।' एक अन्य ने लिखा, 'सर इस बार तो बॉक्स ऑफिस की दिवाली रुह बाबा के साथ मनाएंगे।भूल भूलैया 3 को भूषण कुमार प्रोड्यूसर करेंगे। इस

आर्यन ने इसके अगला पार्ट की अनाउंसमेंट के साथ खत्म कर दिया। हाल ही में कार्तिक ने अपना एक वीडियो शेयर कर रूह बाबा के अगले प्रोजेक्ट की जानकारी दी। रुह बाबा बनकर लौटेंगे कार्तिक आर्यन कार्तिक आर्यन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर भूल भूलैया 3 के वापस आने की जानकारी दी। इस वीडियो में कार्तिक रुह बाबा की ड्रेस में नजर आ रहे हैं। वीडियो में कार्तिक कहते वीडियो खत्म हो जाता है। साथ ही बैकग्राउंड में भूल भूलैया का टाइटल ट्रैक बजता सुनाई दे रहा है। इस पोस्ट के कैप्शन में कार्तिक आर्यन ने लिखा, 'रुह बाबा रिटर्न, दिवाली 2024, भूल भुलैया 3।'कार्तिक के इस अनाउंसमेंट के बाद काफी समय से इसका इंतजार कर रहे फैंस काफी खुश हैं। इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान, इसने मेरा दिन बना फिल्म को अनीज बाज्मी डायरेक्ट करेंगे। वहीं, फिल्म की बात करें तो ये फिल्म अगले साल 2024 में रिलीज होगी। कार्तिक आर्यन के वर्क फ्रंट की बात करें तो भूल भूलैया 3 के अलावा वो हंसल मेहता के डायरेक्शन में बनने वाली कैप्टन इंडिया में नजर आएंगे। वहीं, इसके अलावा वो सत्य प्रेम की कथा में कियारा आडवाणी के अपोजिट नजर आएंगे।

# रणबीर कपूर की फिल्म को हिट करने के लिए कार्तिक आर्यन बनेंगे सहारा


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड सुपरस्टार और रणबीर कपूर की फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' भी सिनेमाघरों में




कार्तिक आर्यन जो हाल ही में की फिल्म शहजादा में कृति सेनन के साथ नजर आए थे। हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई थी लेकीन कार्तिक के रोल को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। इसके बाद अब कार्तिक अपने अगले प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। लेकिन कार्तिक के फैंस के लिए एक और गुड न्यूज सामने आ रही है। दरअसल श्रद्धा कपूर आने के लिए पूरी तरह से तैयार है। तो इस बीच कार्तिक और रणबीर के फैंस के लिए खुशखबरी आ है। दोनों एक्टर्स को एक साथ देखना उनके फैंस के लिए काफी खुश कर देने वाली बात होगी। साथ ही ये पहली बार होगा जब कार्तिक और रणबीर बड़े पर्दे पर एकसाथ नजर आएंगे। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कार्तिक आर्यन फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि उनका फिल्म में कैमियो रोल होगा। फिल्म का निर्देशन लव रंजन ने किया है जो कार्तिक के अच्छे दोस्त हैं। ऐसे में अपने बेस्ट फ्रेंड कार्तिक के साथ 4 फिल्में कर चुके डायरेक्टर लव रंजन इस बार भी अपना लकी चार्म नहीं छोड़ेंगे और फिल्म में उनकी स्पेशल एंट्री होगी। फिल्म तू झूठी मैं मक्कार को लव रंजन और अंकुर गर्ग ने मिलकर निर्देशित किया है। जिसके प्रमोशन में इन दिनों रणबीर और श्रद्धा कपूर जुटे हुए हैं। फिल्म होली के मौके पर यानी 8 मार्च को सिनेमा घरों में रिलीज़ होगी। जिसका इंतजार फैंस को बेसब्री से है क्योंकि कहा जा रहा है कि पठान के बाद ये इस साल की दूसरी बड़ी फिल्म होगी। जिसमें रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर के साथ डिंपल कपाड़िया, बोनी कपूर और स्टैंडअप कॉमेडियन अनुभव बस्सी भी सपोर्टिंग रोल में नजर आएंगे। जो एक रोमांटिक-ड्रामा फिल्म होगी।

# 75 की उम्र में मुमताज का ऐसा वर्कआउट देख दंग रह गए फैंस बोले- 'हम बैठे आराम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वेटरन एक्ट्रेस मुमताज अपने जमाने की सबसे खूबसूरत अदाकाराओं में से एक रही हैं, हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम ज्वाइन किया है और यहां पर वो अपने फिटनेस सेशंस फैंस के साथ




शेयर करती रहती हैं। अब 75 साल की मुमताज ने बुधवार को एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वो काफी इंटेंस वर्कआउट करती नजर आ रही हैं, इस उम्र में मुमताज का ऐसा वर्कआउट देख उनके फैंस भी हैरान हैं। मुमताज ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने वर्कआउट का वीडियो शेयर किया है। जिसमें वो इंटेंस एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक्सरसाइज करने में मुमताज को कितनी मशक्कत करनी पड़ रही है, अब उनके इस डेडीकेशन कि हर कोई तारीफ कर रहा है। वही फैंस फिटनेस को लेकर उनके इस डेडीकेशन से इंप्रेस हैं। हेल्थ के प्रति मुमताज का यह डेडीकेशन उनके फैंस को काफी इंस्पायर कर रहा है। उनके इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा, 'और यहां हम बैठकर कुछ नहीं कर रहे, सिर्फ इंस्टाग्राम देखकर पैर हिलाते रहते हैं'। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, 'प्लीज अपना ध्यान रखना आप कमाल हैं मैम।' इसके अलावा कई फैंस उनके इस डेडीकेशन की तारीफ करते हुए उनसे इंस्पिरेशन ले रहे हैं। फैंस उनके इन वर्कआउट सेशंस से खासा इंप्रेस हैं। 1958 में फिल्म 'सोने की चिड़िया' से चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में एक्टिंग करियर की शुरुआत करने वाली मुमताज, अपने दौर की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेसेस में से एक रही हैं। मुमताज ने अपने एक्टिंग करियर में कई बेहतरीन फिल्में कीं, अब वो फिर बॉलीवुड में एंट्री लेने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुमताज डायरेक्टर संजय लीला भंसाली की सीरीज हीरा मंडी में नजर आएंगी।

# अक्षय कुमार पर फूटा थिएटर मालिक का गुस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अक्षय कुमार बॉलीवुड में एक के बाद एक फ्लॉप फिल्मों के साथ कठिन दौर से गुजर रहे हैं। रक्षा बंधन, सम्राट पृथ्वीराज,



कठपुतली से लेकर राम सेतु और अब सेल्फी तक, उनकी सभी हालिया फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह से फ्लॉप रही है। इसी के चलते अब गेयटी गैलेक्सी के मालिक मनोज देसाई द कपिल शर्मा शो पर आरोप लगा रहे हैं और उन्होंने अक्षय कुमार को अपनी तरफ से वेक अप कॉल दिया है। जैसा कि ज्यादातर लोग जानते हैं कि अक्षय और कपिल के बीच अच्छा बॉन्ड है। लगभग अपनी हर फिल्म के प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार, द कपिल शर्मा शो पर जरूर जाते हैं। सोशल मीडिया पर भी ये दोनों एक दूसरे को लेकर हंसी मजाक करते रहते हैं। पर अब लगता है कि अक्षय कुमार की लगातार फ्लॉप हो रही फिल्मों का ठिकरा कपिल शर्मा पर फूटने वाला है। मुंबई के मशहूर थिएटर गेयटी गैलेक्सी के मालिक मनोज देसाई अब अक्षय कुमार को द कपिल शर्मा शो में नियमित रूप से आने के लिए फटकार लगा रहे हैं। फिल्मी फीवर के साथ एक इंटरव्यू में, उन्हें यह कहते हुए सुना जा सकता है 'बार-बार कपिल शर्मा शो में जाकर आपको मिल क्या रहा है। वो तो अपना शो चला रहा है, उसे पब्लिक को बेवकूफ बनाना है, पब्लिक को हंसना है मनोज देसाई कहते हैं, 'आप क्या घड़ी-घड़ी उधर जा रहे हैं आपका कुछ इसमें निवेश है वो तो सलमान खान का शो है। आप क्यों जाते हैं कपिल के शो पर मेरे दोस्तों मेरी जनता ने कितना बोला है अक्षय कुमार जी घड़ी घड़ी हमें दिखाते हैं उनको शोभा देता है अब मैं आपको पूछता हूं, आपको शोभा देता है।

# अमेरिका में राम चरण को बताया गया इंडिया का ब्रेड पिट, एक्टर का रिएक्शन वीडियो हुआ वायरल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** सुपरस्टार रामचरण इन दिनों आरआरआर के सॉन्ग नाटू-नाटू के ऑस्कर 2023 में शामिल होने पर फिल्म के प्रचार के एंटरटेनमेंट का एक वीडियो क्लिप तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें शो का होस्ट राम चरण को इंडिया का ब्रैड पिट कहकर इंट्रोड्यूस करते नजर आ रहा है। इसके बाद राम से तुलना राम चरण को खासी पसंद आई। जिसका अंदाजा वीडियो में राम चरण के एक्सप्रेशन देखकर ही लगाया जा सकता है। राम चरण के फैंस को उनके एक्सप्रेशन खासे



लिए अमेरिका में हैं। इस दौरान रामचरण ने एक अमेरिकी टॉक शो में शिरकत की। इस टॉक शो में राम चरण को हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट के नाम से इंडिया का ब्रैड पिट बुलाया गया। जिसके बाद इस टॉक शो में राम चरण का रिएक्शन का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर अमेरिकी टॉक शो केटीएलए चरण का रिएक्शन दिखाई दे रहा है। जब एंकर राम चरण से पूछता है कि आपको हॉलीवुड सुपरस्टार ब्रैड पिट की उपाधि से संबोधित करना अच्छा लगा। जिसपर राम चरण जवाब देते हुए कहते हैं, 'निश्चित तौर पर ब्रैड पिट काफी ज्यादा पसंद हैं।' ये वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड होने के बाद खासा वायरल हो रहा है। ब्रैड पिट पसंद आ रहे हैं। राम चरण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लॉस एंजेलिस से पिक्चर्स शेयर की हैं। जिसमें वो कॉफी डेशिंग नजर आ रहे हैं। आरआरआर के सॉन्ग 'नाटू-नाटू' को ऑस्कर 2023 में सर्वश्रेष्ठ ओरिजनल सॉन्ग की कैटेगरी में शामिल किया गया है। ये अवॉर्ड फंक्शन 12 मार्च को अमेरिका में आयोजित होने वाला है।

# बुर्ज खलीफा के सामने रिद्धिमा पंडित ने दिखाया बोल्ड लुक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रिद्धिमा पंडित अपने ग्लैमरस लुक को लेकर हमेशा चर्चाओं में रहती हैं। अब रिद्धिमा पंडित इन दिनों दुबई में हॉलिडे एंजॉय सोशल मीडिया पर शेयर की है। जिसमें वो ब्लैक मोनोकनी पहने नजर आ रही हैं। रिद्धिमा ने बुर्ज खलीफा के ठीक सामने एक स्विमिंग पुल में ये पिक्चर्स क्लिक की हैं। वीडियो क्लिप भी शेयर की है। जसिमें वो पुल थैरेपी लेती नजर आईं। रिद्धिमा के करियर पर नजर डालें तो उन्होंने मॉडलिंग से अपना करियर शुरू किया था। वो कई



कर रही हैं। वहां से रिद्धिमा ने अपने फैंस के लिए कुछ पिक्चर्स भी शेयर की हैं। जिसमें बोल्ड और ग्लैमरस लुक में नजर आ रही हैं। बुर्ज खलीफा के सामने रिद्धिमा का ये अंदाज देखकर उनके फैंस चौंक गए हैं। उनके इस ग्लैमरस लुक की पिक्चर्स और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। रिद्धिमा ने बुर्ज खलीफा के सामने अपने इस हॉट लुक की पिक्चर्स इन पिक्चर्स को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'द लास्ट ऑफ खलीफा सीरिज'। उनके इस ग्लैमरस लुक को फैंस खासा पसंद कर रहे हैं। साथ ही उनकी इस पोस्ट पर ढेरों कमेंट्स भी आ रहे हैं। रिद्धिमा ने स्विमिंग पुल में कई पिक्चर्स क्लिक करवाई हैं और उन्हें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। जिसमें वो बोल्ड लुक में नजर आ रही हैं। रिद्धिमा ने एक बड़े ऐडवरटाइडमेंट का हिस्सा बन चुकी हैं। इसके बाद साल 2016 में उन्होंने अपना एक्टिंग करियर शुरू किया था। रिद्धिमा पंडित ने सीरियल बहू हमारी रजनीकांत से डेब्यू किया था। इस सीरियल में उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। इसके बाद उन्होंने द ड्रामा कंपनी में काम किया। साथ ही उन्होंने डांस चैम्पियन शो भी होस्ट किया। रिद्धिमा बिग बॉस ओटीटी में भी पार्टिसिपेट कर चुकी हैं।

# शर्मिला टैगोर को सामने देख जब सिमरन की हो गयी थी बोलती बंद, 'गुलमोहर' में निभा रहीं बहू का किरदार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर 3 मार्च को गुलमोहर फिल्म रिलीज हो रही है, जिसमें शर्मिला टैगोर और मनोज बाजपेयी के साथ सिमरन लीड रोल में हैं।



फिल्म में सिमरन मनोज की पत्नी और शर्मिला टैगोर की बहू का किरदार निभा रही हैं। गुलमोहर के साथ शर्मिला कई सालों बाद अभिनय में लौटी हैं। फिल्म मुख्य रूप से एक परिवार और रिश्तों की कहानी दिखाती है, जिसमें एकल परिवार और ज्वाइंट फैमिली के बीच होने वाली वैचारिक रस्साकशी को दिखाया गया है।चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट और ऑटोनॉमस वर्क्स के साथ स्टार स्टूडियोज ने फिल्म का निर्माण किया है, जबकि राहुल चित्तेला का निर्देशन है। हाल ही में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिमरन ने वेटरन एक्टर शर्मिला टैगोर के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किये। सिमरन ने बताया कि जब शर्मिला टैगोर के सामने उन्हें पहली बार डायलॉग बोलने के लिए कहा गया था तो उनकी बोलती बंद हो गयी थी। सिमरन उस सीन को याद करते हुए कहती हैं- ठहम सब उनकी उपस्थिति से काफी नर्वस थे और मैं उनके साथ अपने दृश्य को लेकर काफी घबरायी हुई थी। जब मुझे अपनी लाइनें बोलनी थीं, उस वक्त मेरी जुबान ही बंद हो गयी। मेरे करियर में यह दूसरी बार हुआ था। कई साल पहले जब रजनीकांत के साथ पहली बार शूटिंग कर रही थी, तब उन्हें सामने देख मैं एकदम ब्लैंक हो गयी थी और अपनी लाइनें नहीं बोल पा रहा थी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।